

# दैनिक शुभ भास्कर

हर कदम आपके साथ ...




वर्ष -01 | अंक-11 | RNI UP HIN/2015/64737 | पृष्ठ:4 , | मुल्य = 4 रूपया | रविवार , 1 जनवरी 2023

## संक्षिप्त समाचार

### भारतीय को मिली फॉमेर्सी कॉलेज की मान्यता



**दैनिक शुभ भास्कर लक्ष्मणगढ़।**

भारतीय शिक्षण संस्थान,लक्ष्मणगढ़ के बी.पी.एस. फॉमेर्सी कॉलेज को पी.सी.आई. नई दिल्ली द्वारा फॉमेर्सी कॉलेज चलाने की स्वीकृति मिली।प्रबंधक धर्मेन्द्र कुमार थालौर ने बताया कि पी.सी.आई द्वारा सत्र 2022-23 हेतु 60 सीटों पर फॉमेर्सी कॉलेज की मान्यता मिली है, इस हेतु प्रवेश प्रक्रिया आरम्भ कर दी गई है।संस्था निदेशक रामस्वरूप महला ने सभी को हार्दिक बधाई दी।इस अवसर पर उपस्थित संस्थान के व्यवस्थापक मनोज कुमार रूलानिया,व्याख्याता सहदेव सिंह शेखावत,राकेश मील,ओमप्रकाश लुनिवाल,पीयूष,कृष्ण यादव,रमेश थालौर,नवरत्न शर्मा,राजेश जाँगिड़,सुभाष,निखिल ढ़ाका,एवं रोहित को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया।शुभचिंतकों,अभिभावक वृंद एवं प्रबुद्धजनों ने मान्यता की सूचना मिलने पर खुशी जाहिर की।

# विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा- विश्व को भारत से काफी उम्मीद

## विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा- विश्व को भारत से काफी उम्मीद




विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि भारत को आज मजबूत अर्थव्यवस्था और विश्व की समस्याओं के हल में योगदान देने वाले देश के रूप में देखा जाता है। साइप्रस में प्रवासी भारतीयों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि विश्व को भारत से काफी उम्मीदें हैं। उन्होंने कहा कि भारत को स्वतंत्र और जरूरत पड़ने पर सही चीज के लिए दृढ़ता पूर्वक खड़े होने का साहस रखने वाले देश के रूप में अब देखा जाता है। हम लोगों को बातचीत से मामले सुलझाने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। साइप्रस में अपनी पहली आधिकारिक यात्रा के अंतिम दौर में विदेश मंत्री ने कहा कि भारत जी20 अध्यक्षता को इस तरह संभालेगा जिससे विश्व भारत की विविधता समझे और इसकी सराहना करे। विदेश मंत्री ने देश की अर्थव्यवस्था, आर्थिक सुधारों और कोविड संकट के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा कि कोविड हालांकि मुश्किल दौर रहा है। फिर भी हमने कोविड का सामना करने के साथ-साथ इस संकटकाल में अपनी स्वास्थ्य सेवाओं, सरकारी सेवाएं घर-घर पहुंचाने की व्यवस्था और वंचित लोगों के लिए खाद्य-आर्थिक सहायता को भी पहले से बेहतर बनाया। उन्होंने जोर देकर कहा कि विदेशों में रहने वाले भारतीय जब तीन-चार वर्ष बाद भारत आते हैं तो उन्हें नया भारत देखने को मिल रहा विदेशों में रहने वाले भारतीयों के प्रति सरकार के संजीदा दृष्टिकोण के बारे में बात करते हुए विदेश मंत्री ने कहा कि साल 2014 में नरेंद्र मोदी के सत्ता में आने के बाद से केंद्र सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि विदेश में रहने वाले भारतीय भारत माता की बड़ी ताकत हैं। पिछले सात या आठ वर्षों में विश्व के किसी भी हिस्से में जब भी कोई भारतीय मुश्किल में फंसा, भारत सरकार उनके साथ खड़ी थी। उन्होंने आगे कहा कि आज वह मात्र मजबूत देश, बड़ी अर्थव्यवस्था या वैश्विक नीति में दखल रखने वाले देश के ही प्रतिनिधि नहीं हैं बल्कि वह ऐसे देश के प्रतिनिधि हैं जो अपने नागरिकों की फिक्र करता है, उनकी रक्षा के लिए कोई कोर-कसर नहीं छोड़ता और मुश्किल परिस्थितियों में उनकी भलाई के लिए तत्पर रहता है

## एक नजर

### सीएस ने किया औचक निरीक्षण



**दैनिक शुभ भास्कर।मनीष बरणवाल।जामताड़ा।**

नए वर्ष को देखते हुए सदर अस्पताल में कार्यरत कर्मी के नदारद होने की सूचना मिलने पर सिविल सर्जन डॉ एसके मिश्रा के द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। इस दरमियान सदर अस्पताल प्रबंधक से अस्पताल में उपस्थित कर्मियों के बाबत पूछताछ की गई। साथ ही उपस्थिति पंजिका की भी जांच की गई। मौके पर सिविल सर्जन डॉक्टर एस के मिश्रा ने कहा कि स्वास्थ्य कर्मियों की उपस्थिति को देखने के लिए औचक निरीक्षण किया जा रहा है ताकि कौन स्टाफ है और नहीं है यह पता चल सके। अगर कोई बिना छुट्टी स्वीकृत के कर्मी गायब मिलते हैं तो उनके विरुद्ध सॉ काज जारी किया जाएगा। उन्होंने बताया की दो स्वास्थ्य कर्मी ऐसे मिले हैं जो बिना छुट्टी स्वीकृत कराए सदर अस्पताल से गायब हैं। जिनके विरुद्ध सोकाज किया जाएगा। मौके पर डॉ मंजुला मुर्मू, स्वास्थ्य कर्मी मधुसूदन, विजय कुमार, बिना वॉलेट सहित अन्य लोग उपस्थित थे।









## वार्ड सदस्य के निधन पर मुखिया ने की शोक सभा

**दरियापुर/सारण/नित्यानंद/ ब्यूरो पवन कुमार सिंह**

प्रखण्ड क्षेत्र के खानपुर पँचायत के पुरदिलपुर गांव के वार्ड सदस्य बिहारी सिंह के निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया इस शोक सभा दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया उक्त आशय की जानकारी देते हुए मुखिया सुधीर कुमार अकेला उर्फ गोड्डू राम ने कहा कि हमारे पँचायत के सबसे सक्रिय वार्ड सदस्य थे जो वार्ड के विकास के बराबर चर्चा करते थे

## राम जयपाल महाविद्यालय में विदाई समारोह का आयोजन

**छपरा/ सारण/ मनोरंजन पाठक/ ब्यूरो पवन कुमार सिंह**

राम जयपाल महाविद्यालय की शिक्षकेत्तर कर्मी श्रीमती बेदामो देवी 31 दिसम्बर 2022 को 62 वर्ष की आयु में महाविद्यालय से सेवानिवृत्त हुई। महाविद्यालय परिवार की ओर से उनके लिए एक संक्षिप्त विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें उनको शॉल,पुष्पगुच्छ और अन्य उपहार देकर सम्मानित किया गया। उनके विदाई समारोह में बोलते हुए, महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. इरफान अली ने कहा कि किसी संस्थान की पहचान और उत्थान वहां के कर्मियों की कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण से होती है। श्रीमती बेदामो देवी हमारे महाविद्यालय की एक समर्पित और कर्तव्यनिष्ठ कर्मी रही है जिनकी कमी पूरा महाविद्यालय परिवार महसूस करेगा। हम उनके आगामी जीवन की मंगलकामना करते है। प्राचार्य महोदय के आग्रह पर अपने विदाई समारोह में बोलते हुए श्रीमती बेदामो देवी भावुक हो गई और उन्होंने कहा कि महाविद्यालय परिवार से जो मान-सम्मान मिला है उसे वे ताउम्र याद रखेंगी। इस विदाई समारोह में डॉ. प्रेमचंद यादव, डॉ.मनीष सिंह, डॉ. राजू प्रसाद, डॉ. अभिषेक दुबे और श्री विश्व विभूति कुमार ने अपने विचार रखें और श्रीमती बेदामो देवी के आगामी जीवन और स्वास्थ्य की शुभकामनाएं दी। इस विदाई समारोह में महाविद्यालय परिवार के सभी शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मी उपस्थित रहें।

## प्रथम संस्था ने दिया महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का मंच

**बांका/कटोरिया से संवाददाता श्रीकान्त यादव की रिपोर्ट**

बांका मे प्रथम संस्था द्वारा संचालित पारिवारिक व्यवसायिक सहायता कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को शहर के पुरानी प्रखंड सभागार परिसर, बाँका में कार्यक्रम आयोजित किया गया। सहायक निदेशक, जिला बाल संरक्षण इकाई के पदाधिकारी स्वाति कुमारी की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन प्रथम संस्था द्वारा किया गया। कार्यक्रम में 12 परिवारों को गुमटी दी गई और गुमटी में बेचने हेतु परिवारों को व्यवसाय शुरू करने के लिए सामान दिया गया। यह परिवार प्रथम संस्था एवम जिला बाल संरक्षण इकाई के कार्यकर्ताओ द्वारा, बौंसी प्रखंड, अमरपुर प्रखंड, बांका प्रखंड, कटोरिया प्रखंड , रजौन प्रखंड तथा धौरैया प्रखंड से चयनित किया गया जिसमे एकल



माता तथा बाल श्रम विमुक्त बच्चो के परिवार को चुना गया। इसका उद्देश्य बच्चो को बाल विवाह , बाल श्रम से रोक शिक्षा से जोड़ कर महिलाओ को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। बाल कल्याण समिति सदस्य किरण सिंह ने परिवार से बातचीत करते हुए कार्यक्रम का उद्देश्य तथा बाल संरक्षण के मुद्दो पर आगंतुक परिवार को जानकारी दिया। बाल संरक्षण पदाधिकारी शुम्भू प्रसाद सिंह ने कहा कि संस्था का यह प्रयास काफी सराहनीय है ऐसे कार्यक्रम महिलाओं के अंदर स्वरोजगार की प्रवृत्ति जगाएगी एवम उन्हे स्वाबलंबी बनाने में सहायक होगी। विष्णुदेव प्रसाद श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, बाँका ने कम उम्र में बच्चों से काम न कराने तथा उसके साथ होने वाले दुर्व्यवहार के प्रति अभिभावकों को जागरूक किया। सभी पदाधिकारी हर परिवार के लोगो से बातचीत कर प्रोत्साहित किया। पोषण पुनर्वास केंद्र के समन्वयक लवकुस सिंह ने समाज में कुपोषित बच्चों को चिन्हित करके केंद्र पर लाकर दी जाने वाली सुविधायों के बारे में सभी को जानकारी दिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में जिला बाल संरक्षण इकाई के सामाजिक कार्यकर्ता अनिल कुमार, बाल कल्याण समिति के विवेकानंद रजक,प्रथम संस्था के समन्यवयक पंकज कुमार, सुधांशु शेखर और रोहन कुमार मौजूद रहे।

## इसुआपुर मे जगदेव बाबू की जयंती मनाने को ले बैठक आयोजित, दर्जनों लोग हुए शामिल

**दैनिक शुभ भास्कर इसुआपुर (सारण ) ब्यूरो पवन कुमार सिंह**

इसुआपुर प्रखंड स्थित सुशीला होमियों केयर क्लिनिक के पास फरवरी मे जगदेव बाबू की जयंती मनाने को लेकर समीक्षात्मक बैठक किया गया .जिसकी अध्यक्षता डॉ एच के रंजन नें किया.जिसमे निम्न बिन्दुओ पर चर्चा किया गया, जगदेव बाबू की जयंती बृहद पैमाने पर मनाने को लेकर सभी लोगो नें अपने अपने बिचार को रखा और सभी के बातो को समझ बूझकर अगले मीटिंग की तारिक नये साल मे सात जनवरी 2023 को इसुआपुर सुशीला होमियों केयर क्लिनिक के पास रखा गया है जिसमे सारण जिला के बिसो प्रखंड के नामी गिनामी व चर्चित सामाजसेवी कुशवाहा सामाज की बैठक आयोजित किया गया है मौके पर शनिवार की बैठक मे मुख्य रूप से



पानापुर जिला पार्षद रत्नेश भास्कार, डॉ एच के रंजन, अर्जुन युराज, सामाजसेवी गुड्डू सिंह कुशवाहा शिक्षक नेता धर्मेंद्र सिंह कुशवाहा, पानापुर जेडीयू प्रखंड अध्यक्ष अशोक कुशवाहा, राजकुमार कुशवाहा, डॉ बीरेंद्र प्रसाद सिंह कुशवाहा, इसुआपुर पैक्स अध्यक्ष, जितेंद्र सिंह. इसुआपुर सरपंच राजेश कुशवाहा, परसा के के डी पब्लिक स्कूल के डायटेक्टर चंद्रकेत कुशवाहा, हरिबलम कुशवाहा,डॉ अभिशेख राहुल, अभिषेक कुमार सहित दर्जनों कुशवाहा सामाज के गन्यमान्य लोग बैठक मे शामिल रहे

## पंचायत प्रतिनिधियों ने जहरीली शराब से मृतक के परिजनों को निजी कोष और बाजार से भिक्षाटन कर किया मदद

**दैनिक शुभ भास्कर मशरक (सारण)/ धर्मेन्द्र सिंह/ ब्यूरो पवन कुमार सिंह**

मशरक थाना क्षेत्र के अलग अलग गांवों में जहरीली शराब पीने से मृत हुए लोगो के परिजनों के दरवाजे पर शुक्रवार की शाम पंचायत प्रतिनिधियों का दल पहुंचा और मृतक के परिजनों को मदद के रूप में दस हजार रुपए नगदी और एक कंबल सौंपा गया मौके पर प्रखंड प्रमुख रवि प्रकाश सिंह मंटू ,मुखिया संघ के अध्यक्ष प्रतिनिधि डॉक्टर जितेंद्र सिंह ,मुखिया बहरौली अजीत सिंह,सोनौली मुखिया एम्त्याज खान उर्फ चुनु बाबू , अरना मुखिया प्रतिनिधि संतोष सिंह, डूमरशन मुखिया बचा लाल साह , गंगौली मुखिया प्रतिनिधि परमात्मा मांझी बिडिसी चुनमुन बाबा,सहित दर्जनों प्रतिनिधियों ने जहरीली शराब से मृतकों के 28 परिजनों के दरवाजे पर पहुंच दस हजार रुपए नगदी और एक कंबल सौंपा गया वही और भी को भी बचे परिवार है उन्हे भी मदद की जाएगी ।



दिनांक -31 दिसंबर, पटना सिटी। वास्ते - 01 जनवरी ,2023 द्वारा - रोटरी पटना सिटी सम्राट

सेवा में, ब्यूरो, रिपोर्टर, छायाकार बंधुगण आल प्रिंट & इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पटना सिटी। महाशय आपको सूचित करना है कि शहर में कड़कड़ाती ठंड को देखते हुए सेवा क्लब रोटरी पटना सिटी सम्राट कल नव वर्ष के अवसर पर पांच सौ निर्धन और बेसहारा लोगों के बीच गर्म कंबल वितरित करेगी ।ल्ल कार्यक्रम का विवरण दिन & दिनांकः -01 जनवरी रविवार समयः- दोपहर बारह बजे। स्थानःकबूतरीमंदिर, बालकिशुनगंज, पटना सिटी। कार्यक्रम में आप सभी प्रेस मीडिया प्रतिनिधियों को सादर आमंत्रित करते हुए विनम्र अनुरोध करता हू कि नव वर्ष के अवसर पर रोटरी सम्राट द्वारा आयोजित किए जाने वाले इस सेवा प्रोजेक्ट को कवर करने के लिए स्वयं मौजूद रहकर हमसबो को आभारी करने की कृपा करेंगे।

## मछली व्यवसाई को बोलेरो ने मारा टक्कर सदर अस्पताल रेफर



**मशरक (सारण)/ धर्मेन्द्र सिंह/ ब्यूरो पवन कुमार सिंह**

मशरक थाना क्षेत्र के महादेवा ब्रह्म स्थान के पास शुक्रवार की शाम अनियंत्रित बोलेरों ने साइकिल सवार मछली सिवासाई को जोरदार टक्कर मार फरार हो गया जिसे थाना पुलिस गस्ती दल ने इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मशरक में भर्ती कराया और परिजनो को सूचना दी मौके पर पहुंचे परिजन घायल को गंभीर हालत देख बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल छपरा ले गए मामले में घायल की पहचान देवरिया गांव निवासी छटू सहनी पिता स्वर्गीय सता सहनी के रूप में हुई घटना के बारे में ग्रामीणों ने बताया की मछली व्यवसाई राजापटी थोक मंडी से मछली लेकर साइकिल पर सवार होकर वापस देवरिया आ रहे थे

## माता रानी हीराबेन की देहांत पर भाजपा कार्यकताओं ने रखा दो मिनट मोन

**बांका/कटोरिया से संवाददाता श्रीकान्त यादव की रिपोर्ट**

बांका/कटोरिया विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों में भाजपा कार्यकताओं ने शुक्रवार को माता रानी हीराबेन की देहांत पर दो मिनट का मौन धारण कर शोक सभा का आयोजित किया। लता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की माता हीरा बेन बहुत दिनों से बीमार चल रही थी, जिसका इलाज अस्पताल में दो दिन पूर्व प्रधानमंत्री माता से मिलने अस्पताल पहुंचे हुए थे । वहां सकुशल समाचार जानकर पूरे देशवासियों को खुशी की लहर दौड़ पड़ी। किन्तु शुक्रवार को उनके देहांत होने की समाचार सुनकर पूरे देशवासियों में निराशा छा गयी और जगह-जगह पर भाजपा कार्यकताओं ने दो मिनट का मौनधारण कर एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गयी। मौके राहुल दर्शन , गुरुशरण



वर्णवाल , ज्योतिष मंडल , नीरज केशरी, अमल कुमार ,अभिमन्यु भगत, संजय तुरी , अभिषेक यादव , राकेश राम मौजूद थे ।

## विदाई समारोह आयोजित कर माली व एएनएम को दी गई विदाई

**बांका/कटोरिया से संवाददाता श्रीकान्त यादव की रिपोर्ट**

बांका/कटोरिया के रेफरल अस्पताल कटोरिया के सभागार में शनिवार को निवर्तमान माली सुधीर ठाकुर व एएनएम वेरोनिका मुर्मू को अस्पताल कर्मियों ने विदाई समारोह आयोजित कर उन्हें विदाई दी। मौके पर उपस्थिति जिला मंत्री अजय चौहान संयुक्त मंत्री रोहित कुमार जिला कोषाध्यक्ष सनत ठाकुर केयर इंडिया के तोसिफ कुमार पूर्व प्रबंधक भरत भूषण चौधरी चिकित्सा प्रभारी पदाधिकारी एसडी मंडल डॉक्टर विनोद कुमार डॉक्टर कृपासिंधु डॉक्टर रविंद्र कुमार डॉ मुकेश कुमार के अलावे प्रबंधक अमरेश कुमार झा वरीय लिपिक आशुतोष कुमार राय एवं लिपिक सिंधु संध्या सहित अन्य कर्मियों द्वारा ससम्मान पूर्वक अंग



वस्त्र बूके ट्रॉली एवं अन्य उपहार देकर विदाई दी गई । बता दें कि माली सुधीर ठाकुर 31 अक्टूबर 22 को सेवानिवृत्त हुए ।जबकि वेरोनिका मुर्मू 31 दिसंबर 2022 शनिवार को सेवानिवृत्त हुए ।इस मौके पर काफी संख्या में अस्पताल कर्मियों ने विदाई समारोह में भाग लिया और एक दूसरे को गले मिलकर समारोह को सकार किया।

## नेत्र चिकित्सक ने दी नव वर्ष की सौगात बांटे कंबल,स्वेटर

**बांका/कटोरिया से संवाददाता श्रीकान्त यादव के साथ अनील सर्मा की रिपोर्ट**

बांका/कटोरिया के जयपुर हाड भेदने वाली इस कड़क ठंड से सिसक रहे बुजुर्गों को देवघर के नेत्र चिकित्सक डा.एनडी मिश्रा ने गर्म कपड़ों की सौगात दी है। विश्व दायित्व नागरिक संगठन के बैनर तले गोद लिए दुखनसार गांव के 50 बच्चों के बीच स्वेटर वितरण किया गया। इसके पूर्व लगभग लगभग सौ बच्चों को आंख की बीमारी से बचने के लिए विटामिन ए की खुराक दी गई। नव वर्ष के पूर्व संध्या पर नेत्र चिकित्सक ने अपनी धर्मपत्नी चंद्रप्रभा झा व अन्य सहयोगियों के साथ जयपुर क्षेत्र के दुखनसार, सोनावरण एवं पथरचपटी गांव के डेढ़ सौ बुजुर्गों के बीच कंबल के साथ बिस्किट मिठाईयां बांटकर नववर्ष की शुभकामना दी। इलाज



अभाव में दोनों आंखें गवां चुके आठ वर्षीय पंकज सोरेन को डा. श्री मिश्रा ने गोद लेकर आभार व्यक्त किया कि इस बच्चे नहीं इस गांव की मजबूरी से उन्हें अवगत कराया और उन्हें पिछले छह वर्षों से गांव में सेवा करने का अवसर प्राप्त हुआ है।



**दैनिक शुभ भास्कर भागलपुर से निबराज आलम की रिपोर्ट**

भागलपुर जिला के सन्हौला प्रखंड के तेलौंधा पंचायत मे लगातार हो रही अपराधिक घटना को लेकर सनोखर थानाध्यक्ष राम तेज भारती ने तेलौंधा पंचायत मे अपराध नियंत्रण को लेकर बैठक कि जिस मे मुख्य मुद्दा पंचायत मे लगातार हो रही घटना को रोकने के लिए ग्रामीणो को जागरूक करना था मौके पर सरपंच बीरेन्द्र मंडल, मुखिया प्रतिनिधि बिनोद कुमार सिंह ,कौशल कूमार,मिथलेस कुमार , जनप्रतिनिधि एव अन्य ग्रामीण मौजूद थे

# दिल्ली में नए साल का कोहरे से होगा स्वागत, दो दिन शीतलहर से राहत; फिर पड़ेगी कंपकपाने वाली ठंड

राजधानी में शनिवार सुबह मध्यम स्तर का कोहरा रहा। न्यूनतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री सेल्सियस अधिक होने और दिन में अच्छी धूप निकलने से ठंड से भी राहत रही। लेकिन शाम को हल्की ठंडी हवा चलने से अधिकतम तापमान पिछले दिन के मुकाबले तीन डिग्री सेल्सियस कम हुआ। फिर भी नए वर्ष की पूर्व संध्या पर ठंड से काफी हद तक राहत रही। मौसम विभाग के अनुसार, अगले छह दिन तक घना कोहरा होगा। इसलिए मौसम विभाग ने छह दिन के लिए यलो अलर्ट जारी किया है। नए वर्ष के पहले दिन भी सुबह में घना कोहरा होगा। इसके अलावा उत्तर पश्चिम से



ठंडी हवा चलने से न्यूनतम पारा तीन डिग्री सेल्सियस तक गिर सकता है। इस वजह से ठंड थोड़ी बढ़ेगी लेकिन नए वर्ष के पहले व दूसरे दिन शीत लहर से राहत रहेगी। इसके बाद शीत लहर चलने का पूवार्नुमान है। मौसम विभाग के अनुसार, पिछले दिन के मुकाबले शनिवार को अधिकतम तापमान तीन डिग्री सेल्सियस कम हुआ। इस वजह से दिल्ली में अधिकतम तापमान 19.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से एक डिग्री सेल्सियस अधिक है। न्यूनतम तापमान 10.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से तीन डिग्री सेल्सियस अधिक है। नजफगढ़ व पीतमपुरा में न्यूनतम तापमान 13 डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान सबसे कम रिज एरिया में 8.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहां अधिकतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस रहा। दिल्ली में अधिकतम आद्रता 97 प्रतिशत और न्यूनतम आद्रता 61 प्रतिशत रहा। एक दिन पहले दिल्ली में अधिकतम तापमान सामान्य 22.8 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 10.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार रविवार को आकाश साफ रहेगा। सुबह में घना कोहरा होगा। अधिकतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान सात डिग्री सेल्सियस रह सकता है।

दिल्ली में 24 घंटे के दौरान शुक्रवार रात साढ़े 10 बजे से साढ़े तीन बजे तक कोहरा मध्यम स्तर का रहा है। इस दौरान पालम एयरपोर्ट के पास रात एक से दो बजे के बीच दृश्यता 250 मीटर थी। शनिवार सुबह छह बजे पालम एयरपोर्ट के पास दृश्यता 800 मीटर थी।

### पांच घंटे तक विलंब रही ट्रेनें

कोहरे के कारण ट्रेनों का परिचालन प्रभावित हुआ है। बिहार, उत्तर प्रदेश व मध्यप्रदेश के विभिन्न शहरों से चलने वाली 12 ट्रेनें शनिवार को ढाई घंटे से लेकर पांच घंटे की देरी से दिल्ली पहुंचीं। वहीं दिल्ली कोटद्वार एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से सवा घंटे देरी से खुल पाई।

# अंचलाधिकारी ने सार्वजनिक स्थानों पर अलाव की व्यवस्था किया

**दैनिक शुभ भास्कर भरगामा से मोहन कुमार**

भरगामा प्रखंड में पिछले कुछ दिनों से जारी कनकनी में भी स्थानीय प्रशासन की ओर से भरगामा प्रखंड क्षेत्र मे अलाव की व्यवस्था अंचलाधिकारी मनोज कुमार के द्वारा किया गया। पिछले एक सप्ताह से पछुआ हवा व हाड कपा देने बाली ठंडक जारी है ।इसके चलते राहगीरों समेत स्थानीय लोग काफी परेशान हाल दिख रहे थे। भरगामा अंचल प्रशासन बढ़ते ठंड को देखकर अविलंब संज्ञान लिया।ठंड का कहर सबसे ज्यादा झूग्गी झोपडी मे रहने वाले लोगो पर टूटा है । ऐसे लोग अपने स्तर से नहरों आदि से लकडी लाकर अलाव का सहारा ले रहे थे। वही सार्वजनिक जगहों पर अलाव की व्यवस्था नही रहने से लोगो की मुश्किले ओर बढ गयी थी ।जबकि



पिछले एक सप्ताह से ठंड के चलते लोगो का जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया था। इस संबंध में सिरसिया हनुमानगंज के मुखिया प्रतिनिधी कुलदीप यादव, कुसमौल पंचायत के मुखिया संघ अध्यक्ष भागवत दास, रघुनाथपुर उत्तर के मुखिया प्रतिनिधी लड्डू यादव, समेत अन्य संगठनों से जुड़े लोगों ने अंचल प्रशासन से बढ़ते ठंड को देखते हुए सार्वजनिक स्थानों और चौराहों पर अलाव जलाने की मांग किया था। स्थानीय भाजपा के वरिष्ठ नेता चन्द्रानंद झा चाणक्य , अशोक सिंह , मंडल अध्यक्ष दिपक कुमार मुन्ना ,जदयू प्रवक्ता संजय मिश्र, सोनी पासवान , बबलु रजक , आशीष सिंह सोलंकी , संजय मेहता , श्रवण सिंह , राजेश झा आदि ने कहा पिछले एक सप्ताह से कड़ाके की ठंड पड़ रही है। ऐसे में अंचल प्रशासन को ब्लाक कैपस , भरगामा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र , भरगामा बाजार,महथावा बाजार, सुकेला मोड, खजूरी बाजार, सिमरबनी बाजार, सहित झुग्गी झोपडी वाले बस्तियो में व चौक- चौराहे पर अलाव जलाना शुरू कर देना चाहिए। ताकि राहगीरों को ठंड में राहत मिल सके। ठंड से बचने को लेकर भरगामा अंचलाधिकारी मनोज कुमार ने सभी सार्वजनिक जगहों पर अलाव की व्यवस्था कर दी है जिससे क्षेत्र वासियों में खुशी की लहर हैं।

# जीएस ग्लोबल फाउंडेशन के द्वारा कम्बल वितरण कार्यक्रम का आयोजन

**दैनिक शुभ भास्कर मधुबनी /मधवापुर**

मधवापुर प्रखंड के साहर उत्तरी पंचायत के केरवा मुसहरी टोला वार्ड नंबर 4 में जीएस ग्लोबल फाउंडेशन के तत्वाधान में कम्बल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया.जिसका संचालक जीएस ग्लोबल फाउंडेशन के डायरेक्टर धीरज ठाकुर ने किया. वही. धीरज ठाकुर ने बताया की लोगों को ठंड से बचाव के लिए कम्बलों का वितरण किया। इस दौरान साहर उत्तरी पंचायत में चिन्हित कर लोगों को कम्बल वितरण किया। उन्होंने यह भी कहा की हमलोग इस तरह का कार्यक्रम लगातार करते रहते है और आगे भी करते रहेंगे.मौके पर इस कार्यक्रम मे उपस्थित अमूल रत्न



ठाकुर अभिषेक आनंद अंकेश कुमार अरुण कुमार गुंजन ठाकुर बल्ली ठाकुर दिनेश ठाकुर बैजू ठाकुर साकेत ठाकुर रामसेवक पासवान दर्जनों लोगों ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लिय

# सेवानिवृत्त हुए जलालपुर डाकघर के उप डाकपाल

**जलालपुर सारण/ अखिलेश्वर पाण्डेय/ ब्यूरो पवन कुमार सिंह**

जलालपुर बाजार उप डाकघर के डाकपाल रंजीत कुमार सिंह का विदाई सह सम्मान समारोह डाकघर के सभागार में संपन्न हुओ सेवानिवृत्त होने के बाद रणजीत कुमार सिंह ने कहा कि मैंने अपने 35 वर्षों के कार्यकाल में यही सीखा है कि डाकघर का काम पेंडिंग नहीं रखेंगे तो विभाग एवं ग्राहक भी हमेशा खुश रहेंगे तथा आप भी मेरे जैसा विभाग से निदाग सेवानिवृत्त होंगे`कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भारतीय ग्रामीण डाक कर्मचारी संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश्वर कुंवर ने कहा कि अधिकारी अथवा कर्मचारी को काम करने में 18 वर्ष की जोश और निर्णय



लेने में तथा कलम चलाने में 60 वर्षों की तजुर्बा रखनी चाहिए जलालपुर कर्मचारियों को डाकघर की विश्वसनीयता कायम रखने का प्रयास करने चाहिऐ डाकघर के सभी कर्मचारियों ने माला ,शाल गीता एवं अंगवस्त्र देकर सेवानिवृत्त हो रहे रंजीत कुमार सिंह के खुशहाल भविष्य की कामना की समारोह में मुस्तफा हुसैन, सरदा रंजन, सत्येंद्र कुमार तिवारी, तरुण कुमार सिंह ,विनोद कुमार साह, बबलू कुमार सिंह ,अजीत कुमार राम, शिवनाथ राय, मनीष कुमार सिंह ,राजीव रंजन सिंह, संजीव कुमार, राकेश मोहन,सनत तिवारी, राजेंद्र तिवारी ,श्री निवास सिन्हा आदि उपस्थित थे।

# प्रखंड से प्रकाशित जातीय जनगणना के सूची में घोर अनियमितता : सुजीत कुमार

**छपरा/ सारण/ सिटी रिपोर्टर / मनोज तिवारी/ ब्यूरो पवन कुमार सिंह**

सारण जिला माध्यमिक शिक्षक संघ के शिक्षक नेता सुजीत कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि सारण जिले में हो रहा है जातीय जनगणना की सूची प्रकाशन में भारी अनियमितता बरती गई है मालूम हो कि पूर्व में जनगणना कार्य में उच्च विद्यालय के शिक्षकों को पर्यवेक्षक एवं प्राथमिक एवं मध्य विद्यालय के शिक्षकों को और प्राग्रक के रूप में नियुक्त किया गया था ।इस बार जातीय जनगणना में प्रखंड स्तर पर मिलीभगत के कारण कई प्रखंडों में उच्च विद्यालय के शिक्षकों को प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों के अधीन कार्य करने के लिए प्रगणक के



रूप में नियुक्त कर दिया गया जो कहीं से सही प्रतीत नहीं हो रहा है। इसमें कहीं ना कहीं पदाधिकारी की मिलीभगत स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है जो कि उच्च विद्यालय के शिक्षकों का कैडर बड़ा है एवं प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों का कैडर कम होने के कारण पूर्व में उच्च विद्यालय के शिक्षकों को पर्यवेक्षक के रूप में रखा गया था और उनके अंडर में प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों को नियुक्त किया गया था मगर सारण जिले के कई प्रखंडों में प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों को पर्यवेक्षक और उनके अधीन उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक सहित कई शिक्षकों को रख कर सूची प्रकाशित की गई जिसमें कहीं ना कहीं घोर अनियमितता बरती गई है ।इसमें सुधार नहीं किया गया तो निश्चित रूप से जातीय जनगणना कार्य बाधित हो सकती है । संघ के नेताओं ने जिला प्रशासन से अतिशीघ्र सूची में त्रुटि सुधार कर उच्च विद्यालय के शिक्षकों को पर्यवेक्षक के रुप में नियुक्ति किया जाए ।जिससे जातीय जनगणना अति शीघ्र हो सके । छोभ व्यक्त करने में मुख्य रूप से सुनील कुमार आशुतोष मिश्रा उत्तम कुमार शशीकांत मनीष भारती पंकज कुमार मनोज यादव ज्योति भूषण सिंह डॉ राजेंद्र सिंह गौरीशंकर विनोद ठाकुर पुरुषोत्तम ज्ञान भूषण सिद्धार्थ कुमार अवधेश यादव इत्यादि सैकड़ों शिक्षकों ने इसका पुरजोर विरोध किया।

# समाचार संकलन के दौरान पत्रकार से मार-पीट व छिनतई को लेकर प्राथमिकी दर्ज


**दैनिक शुभ भास्कर सीमांचल /प्रतिनिधि**

किशनगंज गलगलिया थाना क्षेत्र के पासवान टोला में अवैध खनन की कवरेज करने गए पत्रकार से मार-पीट व छिनतई के मामले में गलगलिया थाने में दो लोगों नामजद एवं अन्य अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है ।गलगलिया थाना अध्यक्ष सरोज कुमार ने बताया कि पत्रकार प्रदीप शर्मा की शिकायत पर गलगलिया थाना में नामजद जमील अख्तर एवं हसीबुर रहमान सहित अन्य अज्ञात सहयोगियों के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज किया गया है ।दर्ज प्राथमिकी में ठाकुरगंज निवासी पत्रकार प्रदीप शर्मा ने आरोप लगाते हुए शिकायत किया है कि 30 दिसम्बर 2022 शाम के 05 बजे



गलगलिया थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 12 पासवान टोला में ठाकुरगंज अंचल राजस्व अधिकारी मनीष कुमार के साथ अवैध खनन कि सूचना पर उक्त स्थान पर अपने साथी पत्रकार शशि कोशी रोक्का, आर०के० रोशन एवं मो० चाँद के साथ थाना क्षेत्र के पासवान टोला में अवैध मिट्टी खनन का समाचार संकलन करने करने पहुंचे,खबर संकलन कर वापस आने के क्रम में हम सभी को जमील अख्तर एवं उनके सहयोगियों द्वारा जबरन रोककरे हाथा पायी एवं हसीबुर रहमान ने छिनतई के साथ - साथ मारपीट करने लगे।जिससे उनके साथी पत्रकार शशि कोशी रोक्का का डेढ़ भरी सोने का चैन,आर० के० रोशन का 01 भरी सोने का चैन,एक अंगुठी एवं मो० चाँद का 01भरी सोने का चैन और प्रदीप शर्मा का 01 भरी सोने का चैन छिन लिया।भद्दी-भद्दी गालियां दिया एवं हमारी साथी पत्रकार का कैमरा भी छीन लिया।वहीं जान से मारने की धमकी दिया।वहीं इस संबंध में थानाध्यक्ष ने बताया कि दिए गए आवेदन पर सुसंगत धाराओं के अंतर्गत कांड सं-70/22 दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है ।वहीं सोशल मीडिया पर एक ऑडियो क्लिप भी वायरल हों रहा है,ऑडियो क्लिप में बात कर रहे हो व्यक्ति ने बताया कि किशनगंज का हैं किशनगंज के कौन है यह ऑडियो में नहीं बताया जा रहा है जो ऑडियो क्लिप भी संदेह की सच्चाई भी संदेह के घेरे पर है ?ऑडियो क्लिप में कुछ लेनदेन की भी बात हो रही है,उक्त व्यक्ति द्वारा यह भी बताया जा रहा है कि सभी को देना पड़ता है मगर किस चीज की लेनदेन की बात हुई है अभी क्लियर नहीं है,यहां भी संदेह के गहरे पर है ।वहीं इस संबंध में ठाकुरगंज अंचल के राजस्व अधिकारी मनीष कुमार ने बताया कि उक्त स्थान पर लंबे समय से भू माफियाओं के द्वारा मिट्टी और बालू का अवैध खनन किया जा रहा है,जिला पदाधिकारी को सूचना समर्पित की जाएगी,वहीं इस संबंध में आरोपी जमील अख्तर से दूरभाष पर सम्पर्क किया गया तो उनसे सम्पर्क नहीं हो पाई।

# मुखिया के बैठक में विकास योजना पर हुई चर्चा



**दरियापुर/ नित्यानंद/ ब्यूरो पवन कुमार सिंह**

प्रखण्ड मुख्यालय स्थित लोहिया सभागार में बाईस पँचायत के मुखिया के साथ बीडीओ ने एक बैठक आहूत किया इस बैठक में बीडीओ ने सभी योजना पर चर्चा करते हुए कहा कि लंबित योजना को यथाशीघ्र पूरा किया जाये वही पँचायत के अंतर्गत आवास योजना पर भी चर्चा की गई वही विश्वम्भरपुर पँचायत के मुखिया के जगह उसके पति की उपस्थिति से बीडीओ ने नारजगी प्रकट की इस अवसर उपस्थित मुखिया में उपेन्द्र कुमार सिंह,सुधीर कुमार अकेला,सरिता देवी,सुभाष पांडेय तथा छोटू ओझा सहित अन्य शामिल हुए

# दो चरणों मे जातिगत आधारित पर्यवेक्षकों ,प्रगणको का प्रशिक्षण होगा सम्पन्न

**दैनिक शुभ भास्कर बनियापुर / सारण/नवनीत मिश्रा/ ब्यूरो पवन कुमार सिंह**





प्रखंड कार्यालय मे प्रखंड विकास पदाधिकारी कपूरी ठाकुर की अध्यक्षता मे प्रखड़ स्तरीय पदाधिकारियों पर्यवेक्षकों फिल्ड ट्रेनरो की बैठक हुई ।जिस बैठक मे जाति आधारित गणना हेतु दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन पर विस्तार से चर्चा किया गया ।जहा एम डी उच्च विद्यालय कन्हौली मे 2 तथा 3 जनवरी को पर्यवेक्षकों तथा प्रगणक का प्रशिक्षण का आयोजन होना है ।जिसके व्यवस्थागत विषयो पर चर्चा किया गया। उक्त प्रशिक्षण सुबह 10 से 5 बजे तक चलेगा ,जिसके लिए बीडीओ द्वारा तैयारियों का जायजा लिया गया ।जिस प्रशिक्षण मे 620 प्रगणक 103 पर्यवेक्षक शामिल होगे वही 87 प्रगणक 11 पर्यवेक्षक रिजर्व रखे जाएगे ।मौके पर जे एस एस राम नरेश चौधरी बीपीआरओ तरुण कुमार गुलाम अब्बास उदय कुमार सिंह शैलेन्द्र कुमार पाण्डेय आबिद हुसैन रामाधार कुमार राजू प्रसाद राजीव पाठक अलीमुल्लाह निर्भय कुमार ब्रजेश मिश्र ज्वाला प्रसाद सहित सभी फिल्ड ट्रेनर शामिल थे।

# 2800 लीटर देशी शराब का हुआ विनष्टीकरण

**दैनिक शुभ भास्कर मधुबनी /मधवापुर ।**

मधवापुर थाना परिसर में उच्चाधिकारियों के निर्देश पर मजिस्ट्रेट एवं उत्पाद विभाग के अधिकारी की उपस्थिति में विभिन्न कांडों में जब्त शराब का विनष्टीकरण किया गया।इस दौरान थाना प्रांगण में जेसीबी से गड्ढा खोदवाकर देसी-` विदेशी शराब को विनष्ट करने के बाद ऊपर से मिट्टी डालकर ढंक दिया गया। मधवापुर थानाध्यक्ष राजकुमार मंडल ने बताया कि विभिन्न कांडों से संबंधित लगभग 2800 लीटर देशी विदेशी शराब को विनष्ट किया गया। मौके पर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी सीओ रामकुमार पासवान, एसआई रामनरेश प्रसाद, सुरेश पासवान, जयमंगल पासवान सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद थे।

# जनमानस एनजिओ के सदस्यों ने किया मास्क वितरण

**दैनिक शुभ भास्कर मधुबनी /बिहार**

सेवा सबसे बड़ा धर्म है और जब यह असहाय और जरूरतमंद लोगो के लिए किया जाए तो और भी खास हो जाता हैं।ठंड के मौसम में जरूरत मंदो के बीच मास्क का वितरण कर एनजिओ कार्यक्रम संचालक सह पत्रकार ब्रजेश कुमार ने समाज सेवा का उदाहरण पेश किया है।बता दे कि मधुबनी जिला के बेनीपट्टी प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत अनुमंडल अस्पताल एवं बेनीपट्टी बसैठ मुख्य मार्ग पर एनजिओ के संस्थापक सह सचिव डॉ आर के ठाकुर कार्यक्रम संचालक ब्रजेश कुमार ने अपने निजी कोष से 2000 असहाय, जरूरतमंद के बीच मास्क का वितरण किया।इस` मौके पर एनजिओ के सचिव आर के ठाकुर ने कहा कि मनुष्य के जीवन



की सार्थकता तब है, जब वह गरीब और असहायों की सेवा करे। मानव जीवन यही सबसे बड़ा कर्तव्य है । जो लोग ऐसा करते हैं, वे इंसानियत की मिसाल पेश करते है। जीवन का सच्चा अर्थ गरीब व जरूरतमंद को मदद करना है। समाज में आपसी भाईचारा के लिये समाज के अग्रणी व प्रतिष्ठित लोगों को सदैव आगे रहना चाहिये। उन्होंने कहा कि हम हमेशा पूरी सादगी ढंग से मास्क और बहुत सारे समान वितरण का कार्यक्रम करते रहते हैं, यह मास्क जरुरतमंदों तक पहुंचे इसके लिए पूर्व से ही तैयारी करते हैं, और क्षेत्र में घूम- घूम कर वैसे लोगों की सूची बनाते हैं, जो पूरी तरह लाचार व बेवश हों। वही कार्यक्रम संचालक ब्रजेश ने कहा कि ऐसा कर हमें काफी आत्मसंतुष्टि मिलती है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि सच्चा कार्य वही हैं, जो समाज के` हित को सर्वोपरि बना सके। इस मौके पर समाजसेवी सह युवा नेता दीपक यादव, गंगा जी, दीपक अकेला बिंदास अभिषेक मेहता, कलाम, राजा राम, बली कुमार एवं कई लोग मौजूद थे।

# सेवानिवृत्त शिक्षक डाक्टर शैलेन्द्र प्रसाद सिंह का सम्मान पूर्वक विदाई

**छपरा/ सारण/ मनोज तिवारी/ ब्यूरो पवन कुमार सिंह**

सदर प्रखंड अंतर्गत अमर छपरा मध्य विद्यालय के प्रधानाचार्य डाक्टर शैलेन्द्र प्रसाद सिंह का सम्मान पूर्वक विदाई दी गई। मंच की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख विद्या देवी एवं संचालन समाजिक कार्यकर्ता देवेश दिक्षित ने किया। इस विदाई सह सम्मान समारोह में जदयू के वरिष्ठ नेता वैद्यनाथ प्रसाद सिंह विकल, अमनौर के पूर्व विधायक शत्रुघ्न तिवारी उर्फ चोकर बाबा,सारण उपसमाहर्ता गगन कुमार, शिक्षक बृजकिशोर ठाकुर, शशिभूषण शाही, प्रशांत, सुनील पांडेय, अमित कुमार, व्यास कुमार, मनमोहन जी,रंजनीकांत इंसाफ जी, शिक्षक नेता दिनेश सिंह,राकेश कुमार सिंह, अभय कुमार सिंह, राजेश तिवारी, अम्बिका राय, संतोष कुमार सिंह मुख्य रहें। डाक्टर शैलेन्द्र प्रसाद सिंह सर्व प्रथम मांझी प्रखंड के मध्य विद्यालय भलुआं खुर्द, प्राथमिक विद्यालय बगहीं में अपनी सर्विस का सेवा देते आज मध्य विद्यालय अमर छपरा से साठ वर्ष की सेवा समाप्त कर शिक्षा विभाग से सम्मान पूर्वक विदाई ली। अपने सेवा के दौरान इन्होने एक सौ नियोजित शिक्षकों को दो वर्षीय प्रशिक्षण अर्जुन सिंह मध्य विद्यालय विषणुपुरा में गड़खा,सदर,नगरा एवं जलालपुर के शिक्षकों को प्रशिक्षण देकर प्रशिक्षित का वेतन दिलाने में अहम भूमिका निभाई। इस विदाई सह सम्मान समारोह में बच्चों ने ठंड के मौसम में भी बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया तथा विद्यालय परिवार में खुशी के साथ गम भी महसूस किया गया।

# सारण में जहरीली शराब मामले का मुख्य सरगना रामबाबू महतो दिल्ली से गिरफ्तार

## सारण और दिल्ली पुलिस के संयुक्त कार्य से सफलता मिली

**दैनिक शुभ भास्कर छपरा/सारण/ ब्यूरो पवन कुमार सिंह**

स्क्रैपरा ट्रांजिट रिमांड पर लाया जा रहा है, यह खुलासा होगा कि बिल्कुल जहरीली शराब कैसे बनी हुई है। जहरब है कि सारण और सीवान में पिछले पखवारे जहरीली शराब पीने से 73 लोगो की मौत हो गई थी। मौतों के कारण पूरी सरकार पर विरोधी दल काफी हो हला मचाये थे, जिसे लेकर सरकार ने सारण पुलिस को किसी भी हाल में पूरे मामले के गिरफ्तारी की गिरफ्तारी और मामले का उदभेदन करने का आदेश दिया था। सारण पुलिस आरक्षी अधीक्षक ने इसे ले एक सीट का गठन कर अबतक 17 लोगो को गिरफ्त में लिया है ।आरक्षी अधीक्षक संतोष कुमार ने मीडिया को कहा कि रामबाबू ही वो ब्यक्ति है जो शराब बना कर सप्लाय करता है, जिसके यहां से होम्योपैथ में इस्तेमाल होने वाले स्प्रीट और पदार्थ बरामद हुए थे। एसपी ने बताया कि रामबाबू के पकड़ जाने से ये पता चलेगा कि कैसे उसने जहरीली शराब बनाई। रामबाबू पर पहले से भी 7 आपराधिक मामले दर्ज हैं जिनमें से 6 मामले शराब से ही जुड़े हुए हैं, और वो कई बार जेल भी जा चुके हैं।

# जाति आधारित गणना के प्रशिक्षण से अनुपस्थित 8 कर्मियों से बीडीओ ने मांगा स्पष्टीकरण

**दैनिक शुभ भास्कर मधुबनी /मधवापुर।**

बीडीओ राजेश कुमार ने प्रखंड में होनेवाले जाति आधारित गणना को लेकर बुधवार से आरंभ हुए प्रगणक व पर्यवेक्षकों के प्रशिक्षण कार्यशाला से अनुपस्थित रहे 8 कर्मियों से स्पष्टीकरण की मांग की है। चार दिवसीय इस कार्यशाला के प्रथम दिन अनुपस्थित रहनेवालों में एसएल जे प्लस टू स्कूल के प्रभारी प्रधानाध्यापक अमिताभ भानु, शिक्षक अमित कुमार सिंह, प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय मधवापुर के प्रभारी प्रधानाध्यापक सुधीर कुमार चौधरी, शिक्षक मनीष कुमार, ब्रजमोहन कुमार, उत्क्रमित मध्य विद्यालय रामनगर कजरा के शिक्षक श्रवण राम, प्राथमिक विद्यालय हनुमाननगर के शिक्षक रामदेव राम, प्राथमिक विद्यालय केरवा मुशहरी की शिक्षिका कुमारी रूपम शामिल हैं। जारी स्पष्टीकरण में बीडीओ श्री कुमार ने इन सभी के अनुपस्थिति को गणना कार्य में जानबूझकर व्यवधान उत्पन्न करनेवाला, कर्तव्य के प्रति उदासीनता तथा वरीय पदाधिकारी के आदेश की अवहेलना मानते हुए 31 दिसंबर तक इस प्रशिक्षण में भाग लेते हुए अपना स्पष्टीकरण समर्पित करने का आदेश दिया है। उन्होंने बताया कि इस गणना कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# मनसा नहीं हुई पूरी तो लगा दिया कार्य में अनियमितता का आरोप

**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो / किशनगंज**

किशनगंज जिला के ठाकुरगंज प्रखंड अंतर्गत डुमरिया पंचायत के वार्ड नंबर 7 में कब्रिस्तान घेराव का कार्य हो रहा है जिसको लेकर बीते दिन स्थानीय जनप्रतिनिधि सदस्य ने पंचायत के मुखिया पर अनियमितता से विकास कार्य करवाने का आरोप लगाया था जिसको लेकर पंचायत के मुखिया लतेफुर रहमान ने 31 दिसंबर 22 शनिवार को पत्रकार से बात करते हुए कहां की पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि मुझसे यह कब्रिस्तान घेराव का कार्य मांग रहे थे नहीं देने पर मुझ पर विकास कार्य में अनियमितता का झूठा आरोप लगाया है जो बेबुनियाद है। स्थानीय कई लोगों और स्थानीय वार्ड सदस्य





अनजर आलम ने भी कहा कि कब्रिस्तान घेराव के कार्य में किसी भी तरह की अनियमितता नहीं बरती जा रही है कार्य बिल्कुल मानक के अनुसार हो रहा है।

# शांतिपूर्ण संपन्न हुआ नगर निकाय चुनाव का मतगणना



**मो0 नजीर/दैनिक सुभ भास्कर,सुपौल**

जिला मुख्यालय स्थित बीएसएस कॉलेज ग्राउंड में जिले के तीन नगर निकाय चुनाव का मतगणना कार्य शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। जिसमे पिपरा नगर पंचायत से मनोज कुमार सिंह मन्नू बने मुख्य पार्षद तो उप मुख्य पार्षद का ताज अरुण गुप्ता को मिला। निर्मली नगर पंचायत से मुख्य पार्षद बने दुलारी देवी तो उप मुख्य पार्षद बने ललिता देवी। ज्योति देवी पति रिंकू कुमार झा वार्ड नंबर 6 बेल्ही पिपरा से जीत हासिल की वहीं वीरपुर नगर पंचायत से मुख्य पार्षद बने शुशील कुमार तो उप मुख्य पार्षद बने रीमा दास। जिला प्रशासन द्वारा मतगणना को लेकर व्यापक इंतजाम किया गया था । इस दौरान जीत हासिल करने वाले उम्मीदवार समर्थको को साथ विजय जुसुल निकाले और समर्थकों ने एक दूसरे को अबीर लगा कर शुभकामनाएं दी।

# नववर्ष के आगमन पर जोलहनिया में अखंड राम धूनी कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**अमरेश कुमार/दैनिक सुभ भास्कर, पीपरा,सुपौल**



जिले के पीपरा प्रखंड में नव वर्ष आगमन को लेकर हनुमान मंदिर केशवनगर जोल्हनियां में अखंड रामधुनी कार्यक्रम आयोजित किया गया इसको लेकर मंदिर परिसर से निकाली गई भव्य कलश यात्रा। पिपरा प्रखंड अंतर्गत पथरा उत्तर पंचायत स्थित केशवनगर से नववर्ष आगमन पर शनिवार को गाजे बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में 251 कुंवारी कन्या व महिलाओं ने भाग लिया। यात्रा में कुंवारी कन्या व महिलाओं ने अपने माथे पर कलश रखकर गाजे बाजे के साथ केशवनगर से निर्मली बाजार पहुंचकर सुपौल पिपर मुख्य मार्ग होते हुए खेरदाहा नदी पहुंचे जहां पंडित सीताराम बाबा के द्वारा मंत्रोच्चार के बीच कलश में जल भरवाया गया जिसके बाद पथरा उत्तर पंचायत जोल्हनियां का भ्रमण कर जय श्री राम, बजरंग बली की जायकारा लगाते रहे। यात्रा के साथ राम लक्ष्मण जानकी व हनुमान सहित कई राक्षस व दानवों के रूप में निकली झांकी को देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। जबकि साउण्ड सिस्टम व बाजे में बज रहे भजन पर बच्चों सहित युवक युवती एवं बुजुर्ग झूम उठे। गांव भ्रमण कर पुनः कलश यात्रा हनुमान मंदिर परिसर पहुंचे। इस कार्यक्रम का संचालन कर रहे वार्ड सदस्य विजेन्द्र कुमार डीलर उमेश कुमार चौधरी सेवा निवृत्त शिक्षक वासुदेव मंडल ने बताया रामधुनी कार्यक्रम को लेकर नेपाल से महिला मंडली सहित अन्य कलाकारों को बुलाया गया है। इस यात्रा को सफल बनाने में बीरेंद्र कुमार (शिक्षक) जितेन्द्र कुमार (शिक्षक) डाक्टर देवेन्द्र मंडल, मिश्रीलाल मंडल, अनिरूद्ध मंडल, सुनील कुमार मंडल, विक्रम साह, लक्ष्मण कुमार सहित समस्त ग्रामवासियों का सराहनीय योगदान रहा।

# पिकनिक मनाने को लेकर कोसी बराज पर लगने लगी भीड

**अभिषेक आनन्द /दैनिक सुभ भास्कर, वीरपुर,सुपौल।**

जिले में बिरपूर अनुमंडल के सीमावर्ती क्षेत्र भीमनगर एवं आसपास के क्षेत्रों में नव वर्ष मनाने को लेकर चहल पहल शुरू हो गयी है। जिसमे नेपाल प्रभाग के कोसी बराज पर पिकनिक मनाने के लिए जन सैलाब उमड़ने की संभावना है। नव वर्ष को लेकर सीमावर्ती क्षेत्र के भीमनगर में इंडो नेपाल सीमा पर एसएसबी 45वीं बटालियन के जवानो ने चौकसी बढ़ा दी है। वही शनिवार से लोगो की भीड़ कोसी बराज पर लोगो की भीड़ लगने लगी है। साथ ही बराज स्थित दुकानें भी सजने लगी है। बताया जा रहा है कि भारतीय प्रभाग व नेपाल प्रभाग के दूर दराज से लोगो आकर लोग पिकनिक बनाते है। और सेल्फी व फोटो शूटिंग करते है। भारतीय प्रभाग के सुपौल, सहरसा, मधेपुरा, दरभंगा, अररिया, पूर्णिया आदि जिले के विभिन्न जगहों से लोग पहुचकर पिकनिक का खूब आनंद उठाते है। वही बराज पर कस्टम कार्यालय व आसपास के जगहों पर वाहनों की लंबी कतारें लगी रहती है। लोग कोसी नदी में नाव के सहारे भृमण करते है। इस वर्ष खुली बॉर्डर रहने के भीड़ बढ़ने की संभावना है : इंडो-नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र के कोसी बराज पर भीड़ जुटने लगी है। बताया जा है कि पिछले वर्ष कोरोना संक्रमण के कारण भीड़ नही लगी थी। लेकिन इस वर्ष बॉर्डर खुली हुई है। खुली बॉर्डर रहने के कारण अधिक भीड़ उमड़ने की संभावना बढ़ गयी है।

# भरतपुर में हुई आगजनी में तीन परिवार के तीन घर समेत 3 लाख की हुई क्षति

**ब्यूरो/दैनिक सुभ भास्कर, छातापुर, सुपौल**



जिले में छातापुर प्रखण्ड के लालगंज तिलाठी पंचायत के भरतपुर गांव में शनिवार की संध्या अचानक लगी आग से तीन परिवार के 3 घर समेत घरेलू सभी समान जलकर राख हो गये। जबकि दो बाइक भी आंशिक रूप से जल गए। मिली जानकारी अनुसार तिलाठी पंचायत के भरतपुर गांव के वार्ड 8 निवासी मानोज शर्मा के घर में शनिवार की शाम अचानक आग लग गई। जिसके कारण उनके घर के समीप के जय प्रकाश शर्मा तथा बालेश्वर शर्मा के घर मे भी आग लग गई। जब तक पीड़ितों के परिजनों के शोर शराबा सुनकर आग बुझाने के लिए आसपास के लोग पहुंचे । तब तक आग अपना रौंद रूप धारण कर लिया था। जब जाकर लोगों ने आगजनी की सूचना छातापुर थाना पुलिस को दिया। मौके पर पहुंची दमकल व स्थानीय लोगों के अथ्थक प्रयास के बाद आग पर काबू पाया गया। लेकिन तब तक पीड़ित परिवारों के आशियाना जलकर राख हो गया। वही पीड़ित मनोज व जय प्रकाश की एक एक बाइक भी आग की आगोश में आ जाने के कारण आंशिक रूप से जल गई। पीड़ितों ने बताया कि वे लोग शनिवार को दिन का खाना लगभग दो बजे खाने के बाद घर मे सो गये थे। जबकि घर के कई परिजन खेतों में खेत के निमित कार्य देखने चले गये थे। इसी दौरान अचानक आग लग गई। जिसके कारण भयवश सभी घर से बाहर निकल कर शोर शराबा करना शुरू कर दिया। इधर आग सुलगते सुलगते रौंद रूप धारण कर लिया। स्थानीय लोगों व दमकल कर्मियों के अथ्थक प्रयास से आग पर काबू पाया गया। आगजनी की घटना की जानकारी होने पर पंचायत समिति सदस्य राज कुमार सिंह घटना स्थल पर पहुंचकर राहत बचाव कार्य मे जुटे। उन्होंने सभी पीड़ित परिवारों को आर्थिक मदद करने का भी आश्वासन दिया। पीड़ित परिवारों ने बताया कि अचानक लगी आग से वे लोग बेघर हो गये है। आगजनी की घटना की जानकारी पीड़ितों ने छातापुर अंचल कार्यालय व थाना को दे दिए जाने की बात भी कही है। लेकिन उन लोगों को सरकारी स्तर से अब तक कोई सहायता प्रदान नही किया गया है।

# इस कंपकपाती ठंढ के वावजूद प्रखंड मुख्यालय में नहीं जल रहा अलाव

**सुमन कुमार/दैनिक सुभ भास्कर,किसनपुर, सुपौल**

जिला के किसनपुर प्रखंड में जिला प्रशासन के निर्देश के वावजूद भी प्रखंड मुख्यालय में अलाव का कोई समुचित व्यवस्था नहीं हो सका है। जिला प्रशासन के द्वारा सम्बन्धित आलाधिकारियों को जिस चौक चौराहों पर लोगों का भीड़ - भाड़ हो वहां इस कड़ाके की ठंढ व बढ़ते शीतलहर के मद्देनजर अलाव का लगाया जाना है। ताकि इस कंपकपाती ठंढ से लोगों को राहत मिल सके। यह अलाव गरीब, निःसहाय, मजदूर, रिक्सा चालक, राहगीर के लिए विभिन्न चौक चैराहों व अस्पताल में अलाव का व्यवस्था किया जाना है। वावजूद प्रखंड मुख्यालय में अलाव का व्यवस्था नहीं किया गया है। वहीं प्रखंड स्थित बाजार आने जाने वालों के साथ राहगीर को इस कंपकपाती ठंढ से दो चार होना परता है। जबकि अन्य वर्ष ठंढ के शुरू होते हीं प्रखंड स्थित विभिन्न चौक चौराहों पर अलाव का व्यवस्था सरकारी स्तर पर हो जाता था। स्थानीय बाजार वासियों का कहना है कि अन्य वर्ष के अपेक्षा इस वर्ष अधिक ठंढ है। फिर भी सरकारी स्तर पर अलाव नहीं जलना समझ में नहीं आ रहा है। गोल चौक स्थित दुकानदारों के अनुसार अब तक यहां कोई अलाव नहीं लगाया गया था। मजबूरन लोग काजग या कूट



जलाकर ठंढ से निजात पाने का प्रयास करता है। लेकिन इसका आग अधिक देर तक नहीं टिक पाता है। इस सम्बंध में राजद के युवा प्रखंड अध्यक्ष जय प्रकाश उर्फ मंगल यादव एवं जाप के प्रखंड अध्यक्ष मुकेश यादव ने बताया कि अब तक प्रखंड स्थित विभिन्न चौक चौराहों पर अलाव का व्यवस्था नहीं किया जाना प्रशासनिक लापरवाही है। ठंढ काफी बढ़ चुका है। आलाधिकारी बन्द गाड़ी से अपने कार्यालय पहुंचते हैं और कार्यालय से फिर अपने आवास जाते हैं। इस लिए ठंढ का अहसास उन लोगों को कहां से होगा। यदि आम लोगों के तरह बाहर निकलते तो उन्हें भी ठंढ का अहसास होता। इस लिए अंचल अधिकारी अविलंब सभी चौक चौराहों पर अलाव का व्यवस्था करें। ताकि लोगों इस कंपकपाती ठंढ से निजात मिल सके। इसके साथ हीं गरीब निःसहाय के बीच कम्बल वितरण का व्यवस्था किया जाय। जिससे इस हारकंपाने वाली ठंढ से बच सके। उन्होंने कहा कि कम से कम प्रखंड परिसर, थाना परिसर, बाजार स्थित गोल चौक, थरबिटिया स्टेशन, रिक्सा स्टेण्ड, अन्दौली चौक, सिगियावन बाजार, सिसौनी बाजार में तत्काल अलाव जलाने की आवश्यकता है। ताकि लोगों को इस कपकपाती ठंढ से राहत मिल सके।इस बाबत अंचल अधिकारी सन्ध्या कुमारी ने बताया कि फिलहाल थरबिटिया एवं सिसौनी चौक पर अलाव जलाया जा रहा है। आज से गोल चौक एवं अस्पताल परिसर में अलाव जलाया जाएगा। इसके लिए सम्बन्धित कर्मचारी को आदेश दिया गया है कि उक्त जगह पर अलाव जलावें। ताकि लोगों को ठंढ से राहत मिल सके।

# सत्यदेव उच्च माध्यमिक विद्यालय में बिहार जाति आधारित गणना को ले दिया गया प्रमाणिक एवं पर्यवेक्षक प्रशिक्षण

**अमरेश कुमार/दैनिक सुभ भास्कर,पिपरा,सुपौल**



जिले के पीपरा प्रखंड मुख्यालय सत्यदेव उच्च माध्यमिक विद्यालय पिपरा में बिहार जाति आधारित गणना को लेकर शनिवार को प्रगणक एवं पर्यवेक्षक को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में कर्मियों को जनगणना के विभिन्न बिंदुओं के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षक रामकुमार राही, प्रशांत कुमार, रंजीत कुमार, विप्लव कुमार ,शोभा कांत झा, लालेश्वर मंडल ने प्रशिक्षण दिया प्रशिक्षक के द्वारा प्रगणक एवं पर्यवेक्षक को मकान सूचीकरण से संबंधित विभिन्न बिंदुओं को प्रोजेक्टर के माध्यम से विस्तृत रूप से जानकारी दी गई प्रशिक्षण में वार्ड सीमांकन, भवन की संख्या, नजरी नक्शा के संबंध में जानकारी दी गई। जाति आधारित गणना का कार्य 7 जनवरी से 21 जनवरी तक किया जाएगा। इस प्रशिक्षण में सैकड़ों की संख्या में शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित हुए ।

# जोकीहाट नगर पंचायत के नवनियुक्त चेयरमैन जीत की दिए बधाई

**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता मासूम रजा**



दिनांक 31 दिसंबर को जोकीहाट नगर पंचायत के नवनियुक्त चेयरमैन शकूर आलम ने अपनी जीत की बधाई अपने नगर पंचायत के तमाम मतदाताओं को दिए और साथ में नववर्ष की भी बधाई दी है बताएं कि मैं जात पात से ऊपर उठकर काम करते आ रहा हूं और करते रहूंगा चाहे वह एक छोटा सा गरीब अमीर कोई भी मेरे पास किसी काम से भी आए जहां तक हो सकेगा मैं उनके काम को करने का पूरा कोशिश करूंगा और मैं यह वादा करता हूं कि जोकीहाट को आदर्श नगर बनाने का काम करूंगा हर तरह से जनता को सुविधा देने का काम करूंगा चाहे वह बिजली पानी नल जल रोड नाला शिक्षा स्वास्थ्य वृद्धा पेंशन इंदिरा आवास इसी तरह का भी काम है मेहक वालों को सुधारने का काम करूंगा और मैं धरातल पर हर काम को करके दिखाऊंगा जोकीहाट में कहीं-कहीं नशाखोरी भी हो रहा है उसको भी हटाने का काम करूंगा और मैं जनता को खाना का चक्कर लगाने से बचा लूंगा ताकि उनका पैसा बर्बाद ना हो और टाइम बर्बाद ना हो वही वार्ड नंबर 2 के दिलीप कुमार यादव ने अपने वार्ड वासियों को जीत की बधाई दिए और बताया कि नववर्ष की बधाई तमाम वार्ड वासियों एवं जोकीहाट के तमाम जनता को नव वर्ष की ढेर सारी शुभकामनाएं मेरे तरफ से है दिलीप कुमार यादव बताया कि मैं अपने वार्ड में पहले शिक्षा सुधारने का काम करूंगा क्योंकि शिक्षा से हर चीज का पहचान होता है मेरे वार्ड में सबको मिलेगा तो तो आगे चलकर डॉक्टर कोई इंजीनियर बनेंगे ये मेरा पहला मुद्दा छक्का रहेगा

# धामा पंचायत के आलम अपने आप को जोगी बाबा बता रहे हैं

**परवेज आलम रिपोर्टर**



धामा पंचायत में आए एक बाबा के रूप में उन्होंने बताया कि मैं एक जोगी बाबा हूं उन्होंने यह भी बताया कि मैं एक मुस्लिम हूं मेरा नाम आलम है मैं हल्दिया बिहार का रहने वाला हूं इधर वार्ड नंबर 6 मेरा घर है और मेरा दो बहन है जो धमा पंचायत में है मैं उनसे भिक्षा लेने के लिए यहां पहुंचा हूं अब तो बहुत सुने होंगे बाबा का नाम पर लेकिन यह मुस्लिम धर्म से योगी बाबा बने हैं जिनका नाम आलम है हल्दिया बिहार का रहने वाला है बड़ी दुख की बात तो यह है कि उन्होंने बताया कि हमें भाई में झगड़ा हुआ था इसके कारण हमने सोचा कि मनुष्य को आत्महत्या कभी भी नहीं करना चाहिए इसी वजह से हमने बाबा का रूप धारण कर लिया और हम गोरखपुर चले गए मैं अपने गुरु को साक्षी मानते हुए अपने रूप में उतर कर चोरी डकैती नशा सब भूल गए

# कोचिंग संचालकों पर विभागीय सूचना बेअसर, लापरवाही


**अभिषेक आनन्द /दैनिक सुभ भास्कर, वीरपुर ,सुपौल।**



जिले में वीरपुर अनुमंडल के बसंतपुर प्रखंड अंतर्गत रतनपुर बाजार स्थित कई कोचिंग संचालित किए जा रहे है। लेकिन विभागीय सूचना का कोई असर नही दिख रहा है। शुक्रवार की सुबह भास्कर पड़ताल में रतनपुर स्थित भोला मेहता अपने आवास पर कोचिंग का संचालन करते हुए नजर आए। साथ ही मॉडर्न साइंस कोचिंग सेंटर, द पार्क ऑफ नॉलेज, न्यू अवतार कोचिंग सेंटर में विद्यार्थियों को पढ़ाया जा रहा था। एक ओर तापमान में लगातार गिरावट आ रही है। कपकाती ठंड को देखते हुए सरकार ने निर्णय लिया कि 26 से 31 दिसंबर तक सभी सरकारी एवं गैर सरकारी शिक्षण संस्थानों को बंद रखा जाए। साथ ही सूबे के शिक्षा मंत्री ने पुनः आदेश जारी किया कि विद्यालय को पूर्णतः बंद किया जाए। लेकिन सरकार विभागीय आदेशों को दरकिनार करते हुए कोचिंग संचालक बेपरवाह है। साथ ही बच्चे के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। कोचिंग संचालकों ने बताया कि हमलोगों को जानकारी नहीं है। और बगल वाले कोचिंग चल रही है। इसी वजह से हमलोग भी खोले हुए है। इस संदर्भ में डीईओ सुपौल सुरेंद्र कुमार को नियम उल्लंघन के मामले में संज्ञान में दी गयी थी। बाबजूद कोई कार्यवाई नही हुई। शायद लगता है नियम के उल्लंघन डीईओ के मिलीभगत से की जा रही है। इस बावत पूछे जाने पर उप विकास आयुक्त सह प्रभारी जिलाधिकारी सुपौल मुकेश कुमार ने बताया कि आदेश के विरुद्ध कोचिंग संचालित की जा रही है तो ये गलत है। जांच कर कार्यवाई की जाएगी।

# थाना परिसर में भूमि विवाद निपटारा को लेकर लगाया गया जनता दरबार

**अमरेश कुमार/दैनिक सुभ भास्कर, पीपरा,सुपौल**



जिले के पिपरा थाना परिसर में भूमि विवाद निपटारे को लेकर शनिवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिसमें दो नये मामले प्राप्त हुए वहीं एक पुराने मामलों का निष्पादन किया गया। सरकार के निर्देश पर लगातार सभी थाना परिसर में थानाध्यक्ष और अंचलाधिकारी के मौजूदगी में खासकर भूमि विवाद का निपटारा करने के लिए जनता दरबार का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को दिन के एक बजे तक पिपरा थाना परिसर में आयोजित जनता दरबार में विभिन्न पंचायतों से आए नये मामले व पुराने मामले का निष्पादन किया गया। पिपरा प्रखंड के अंचल अधिकारी रविंद्र कुमार चौपाल एवं थानाध्यक्ष बिनोद कुमार सिंह की उपस्थिति में जनता दरबार में आए आवेदन का बारिकी से पड़ताल कर एक मामले का निष्पादन किया गया। सीओ रविन्द्र चौपाल ने बताया कि थाना परिसर में आयोजित जनता दरबार में कुल दो नए मामले प्राप्त हुए। जबकि एक पुराने मामलों का निष्पादन किया गया। निष्पादन के लिए बचे मामले के संबंध में कहा कि स्थलीय जांचो उपरांत अगले शनिवार को निष्पादन कर लिया जाएगा। मौके पर अंचल से श्याम बाबू, थाना में पदस्थापित वायरलैस कर्मी अशोक कुमार सहित अंचल क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों से आए दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

# भरगामा पुलिस ने फरार वारंटी को किया गिरफ्तार



**दैनिक शुभ भास्कर भरगामा से मोहन कुमार**

भरगामा थाना पुलिस ने रात्रि छापेमारी मे थानाध्यक्ष आदित्य कुमार के निर्देश पर थानाक्षेत्र के गम्हरिया वार्ड नंबर 12 से फरार वारंटी को खदेड़कर गिरफ्तार कर लिया। वारंटी अजित कुमार मालाकार उम्र 44 वर्ष पिता गणेश मालाकार को गिरफ्तार किया गया। वारंटी काफी दिनो फरार चल रहा था वहीं भरगामा थानाध्यक्ष आदित्य कुमार को गुप्त सूचना मिली उसी आधार पर थानाध्यक्ष आदित्य कुमार, एएसआई कुलदीप कुमार, एवं सशस्त्र बल के जवान के साथ रात्रि छापेमारी कर गिरफ्तार कर थाना लाया और आवश्यक पूछताछ एवं कार्यवाई के बाद न्यायिक हिरासत अररिया जेल भेज दिया। इस मामले मे थानाध्यक्ष आदित्य कुमार ने पत्रकारों को बताया वरीय पदाधिकारी के निदेर्शानुसार भरगामा थाना क्षेत्र में अपराध पर नियंत्रण लगातार छापेमारी किया जाता है।

# भूविवाद के निष्पादन को लेकर जनता दरबार आयोजित

**दैनिक शुभ भास्कर भरगामा से मोहन कुमार**



भरगामा थाना परिसर में जनता दरबार आयोजित किया गया जिसमें भूविवाद से जुड़े मामलों का सुनवाई किया गया।आज भूविवाद से जुडे 10 आवेदन प्राप्त हुए। कुल 10 मामले पर सुनवाई की गई जिसमे दोनो पक्षों को सुनने के बाद 9 मामलों का निष्पादन किया गया वहीं 1 मामले लंबित रह गये जिसे और साक्ष्य के साथ अगले जनता दरबार मे उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए। इस मौके पर अंचलाधिकारी मनोज कुमार, सीआई अवधेश कुमार सिंह, थानाध्यक्ष आदित्य कुमार, एएसआई कुलदीप कुमार, अंचल सहायक शशी कुमार मौजूद रहे वहीं दर्जनों फरियादी के साथ-साथ समाजसेवी सीतांशु सेखर पिंटू, पूर्व भाजपा प्रखंड अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, बिट्टू कुमार, मुन्ना मेहता, मुकेश कुमार मिश्रा, जयनाथ शर्मा एवं विभिन्न पंचायत के प्रतिनिधि मौजूद थे। अंचलाधिकारी मनोज कुमार ने बताया प्रत्येक शनिवार को भरगामा थाना परिसर मे जनता दरबार आयोजित किए जाते हैं जिसमे प्रखंड अंतर्गत सभी पंचायत के जमीनी विवाद का दोनो पक्षों को सुनकर निष्पादन किया जाता है।

# भीषण अगलगी में एक परिवार के 3 घर जलकर राख



**दैनिक शुभ भास्कर भरगामा से मोहन कुमार**

भरगामा प्रखंड अंतर्गत खजूरी पंचायत के वार्ड संख्या 1 में आगलगी की घटना में एक ही परिवार का तीन घरे जलकर राख हो गया ।आगलगी की इस घटना में दो लाख से ज्यादा की संपत्ति जलने के अनुमान लगाया जा रहा है ।आगलगी की घटना के कारणों का पतो नहीं चले पाया है। पीड़ित परिवार में विष्णुदेव, आनंद एवं मिलन पासवान शामिल है। विष्णुदेव पासवान ने बताया कि घर मे अचानक आग लग गई ।जिसके चपेट में आने से बगल के दो घर भी जल गया ।ग्रामीणों के अथक प्रयास के बाद आग पर काबू पाया जा सका ।आगलगी की इस घटना में दो लाख से ज्यादा की संपत्ति जलकर राख बी गई ।वार्ड सदस्य बिट्टू राजा ने बताया कि अंचलाधिकारी को इस बाबत सूचना दे दी गई है वही प्रसाशन से अविलंब पीड़ित परिवार को राहत मुहैया कराने की मांग की है।

# करमाटाड़ पुलिस की सजगता से मोटरसाइकिल चोर गिरोह गिरफ्तार

**दैनिक शुभ भास्कर। मनीष बरणवाल जामताड़ा।**

करमाटाड़ थाना क्षेत्र में लगातार हो रही मोटरसाइकिल चोरी को लेकर पुलिस द्वारा बड़ी कार्रवाई की गई। कार्यवाही में मोटरसाइकिल चोर गिरोह को पुलिस ने धर दबोचा। मौके पर तीन अपराधी को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। वही नौ मोटरसाइकिल को पुलिस ने जब्त किया। इस बाबत जानकारी देने के लिए शनिवार को करमाटांड़ थाना परिसर में पुलिस अधीक्षक मनोज स्वर्गियारी द्वारा प्रेस वार्ता किया गया। प्रेस वार्ता में पुलिस अधीक्षक मनोज स्वर्गियारी द्वारा बताया गया कि गुप्त सूचना मिली थी कि करमाटांड़ थाना क्षेत्र के ईदगाह मोड़ के पास मोटरसाइकिल चोर गिरोह द्वारा



मोटरसाइकिल खरीद बिक्री किया जा रहा है। तुरंत कार्रवाई करते हुए नारायणपुर सर्किल इंस्पेक्टर मनोज कुमार के नेतृत्व में एक टीम गठित किया गया।जिसमे करमाटांड़ थाना प्रभारी नागेश्वर साह, नारायणपुर थाना प्रभारी अभय कुमार, एसआई शशिकांत पासवान, संजय कुमार साह, दीपक कुमार ठाकुर, दिलीप कुमार तथा सशस्त्र बल के साथ ईदगाह मोड़ में छापामारी किया गया।छापामारी के दौरान नारायणपुर थाना क्षेत्र के राजाभीठा गांव में झकसु अंसारी, अनाउल अंसारी दोनों सगे भाई हैं एवं रजाउल अंसारी को चोरी का मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया। इन अभियुक्तों द्वारा अपने-अपने स्वीकारोपीत बयान के आधार पर इनके घरों में छापामारी किया गया। छापामारी के दौरान उन तीनों के घर से कुल 9 मोटरसाइकिल न्यू ग्लैमर बाइक, ग्लैमर जेएच-10बिसी 1285, स्प्लेंडर जेएच 11 एल 7452, हीरो पैशन जेएच 10 बिजे 3899, स्प्लेंडर जेएच 11एस 9897, अपाचे जेएच 10 बीएन 2446, स्प्लेंडर जेएच 11क्यू 7983, स्प्लेंडर 10 बीके 5813, पुराना स्प्लेंडर बगैर नंबर बरामद कर जब्त किया गया। इसके निशानदेही पर पुलिस द्वारा सारठ, करो, नारायणपुर, बंगाल समेत कई जगहों पर छापामारी किया गया। इसके साथ ही गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा स्वीकारोपीत में कहा कि जामताड़ा जिले से चोरी किए गए मोटरसाइकिल को गिरिडीह,देवघर,बिहार, ,बोकारो,धनबाद समेत दूसरे जिले में बेचते हैं। वही दूसरे जिले के चोरी किए हुए मोटरसाइकिल को जामताड़ा जिला के विभिन्न थाना क्षेत्रों में बेचा करते हैं। उनकी सरगना काफी लंबा है। इस मामले को लेकर करमाटांड़ थाना कांड संख्या 152/22 धारा 414, 34 भादवी मोटरसाइकिल चोरी करने को लेकर प्राथमिकी दर्ज किया गया। वही गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक हिरासत के लिए जामताड़ा भेजा गया।

# मृतिका रबिका पहाड़ीन के स्वजनों से मिले विधायक अनंत ओझा

**दैनिक शुभ भास्कर साहिबगंज/बोरियो**

राजमहल विधायक अनंत कुमार ओझा शनिवार बोरियो प्रखंड के गोडा पहाड़ पहुंचे जहां उन्होंने रबिका पहाड़िन के परिजनों से मुलाकात किया।ज्ञात हो की 17 दिसम्बर रात को गोडा पहाड़ बोरियो निवासी सूरज पहाड़िया आदिम जनजाति की पुत्री रबिका पहाड़िन की नृशंस हत्या दिलदार अंसारी एवं उनके परिजनों ने निर्ममता से हत्या कर दी। इसको लेकर विधायक श्री ओझा पीड़ित परिवार जनों से उनके गांव गोडा पहाड़ में जाकर उनके व्यथा को सुना।परिवार के मुखिया सूरज पहाड़िया ने बताया कि घटना के 15 दिन बीत जाने के बाद भी अभी तक सभी अपराधियों की गिरफ्तारी नही हुई हैं जिस से परिवार के सदस्य दशहत में हैं विधायक के समक्ष परिवारजनों ने बार बार आरोपियों को फांसी की सजा की मांग कर रहे थे। विधायक ने पीड़ित के परिवार को भरोसा दिलाया कि रबिका पहाड़िन को न्याय दिलाने के लिए हरसंभव मदद करेंगे। उन्होंने ने सरकार से मांग किया कि पीड़ित परिवार को 25 लाख तक मुआवजा दिया जाए। रबिका के हत्या में संलिप्त सभी आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाए। उन्होंने ने कहा कि भाजपा के एक एक कार्यकर्त्ता रबिका पहाड़िन को न्याय दिलाने के लिए सड़क से सदन तक लड़ाई लड़ रही हैं। राजमहल विधायक अनंत ओझा ने कहा कि राज्य की हेमन्त सोरेन सरकार तुष्टिकरण की राजनीति कर रही हैं उन्होंने ने कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था का बुरा हाल हैं। राज्य में बेटियां सुरक्षित नहीं लगातार महिलाओं पर अत्याचार हो रही हैं। उन्होंने ने कहा कि बांग्लादेशी घुसपैठियों की साहेबगंज व पाकुड ज़िले में लगातार बढ़ोतरी हो रही हैं इस प्रकार के पाश्विक कृत्य संथाल परगना सहित साहेबगंज जिले में लगातार हो रही हैं।उन्होंने ने मांग किया कि झारखंड पुलिस स्पीडी ट्रायल कराकर हत्यारों को फासी तक पहुँचाए।

# रेबिका हत्याकांड मामले में 14 दिन बाद पोखर से मीला मानव का का सर

**दैनिक शुभ भास्कर बोरियो, साहिबगंज।**

मृतिका रेबिका पहाड़िन हत्याकांड के मामले में शनिवार को बोरियो बाजार स्तिथ तालाब में 14 दिन बाद मिला मृतिका रेबिका पहाड़िन का सर मिली। जानकारी के अनुसार शनिवार को सुबह 10.30 बजे के करीब बोरियो बाजार स्तिथ तालाब में मछुवारे मछली पकड़ कर रहे थे तभी मछुआरे के जाल में मानव का सर फंसा मिला।जहां लोगों ने बोरियो थाना पुलिस को सूचना दी जहां सूचना मिलते ही थाना प्रभारी जगन्नाथ पान अपने दल बल के साथ तालाब पर जाकर मानव का सर बरामद करके बोरियो थाना लेकर आई।मामले को लेकर जांच कर रही है। वहीं जिस तालाब पर सर मिला है उस तालाब से महज 300 मीटर की दूरी पर 18 दिसंबर को मृतिका रेबिका पहाड़िन का एक कटा अंग,बाल और कपड़ा मिला था।



वहीं थाना थाना प्रभारी जगन्नाथ पान ने बताया की मानव शरीर का सर बरामद किया गया है। सर देख कर प्रतीत होता ही किसी महिला का ही सर है क्योंकि सर में कान का बाली लगा हुआ है।पिछले दिनों रेबिका पहाड़िन की हत्या कर शव के कई टुकड़े बरामद की गई थी लेकिन सर बरामद नहीं हुआ था। इससे प्रतीत होता कि यह रेबिका पहाड़िन का ही सर हो सकता है। मानव शरीर के सर को फॉरेंसिक जांच के जांच रिपोर्ट आने के बाद ही पता ही चल पाएगा की मानव शरीर का सर जो बरामद हुआ हैं वह रेबिका पहाइड़न का ही है या नहीं। फिलहाल पुलिस जांच में जुटी हुई है।

# जीपीडीपी का तीन दिवसीय प्रशिक्षण समाप्त

**दैनिक शुभ भास्कर मंडरो, साहिबगंज।**

प्रखंड सभागार में चल रहे प्रखंड स्तरीय ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल का प्रशिक्षण समाप्त हो गया। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि वित्त वर्ष 2023-24 के लिए ग्रामसभा का आयोजन किया जाएगा एवं ग्रामसभा में बताए गए नौ बिंदुओ से ही योजनाओं को लिया जाना है और उक्त योजनाओं को एक ग्राम स्वराज पोर्टल पर अपलोड किया जाना है। सरकार के द्वारा जो डायरेक्ट 15 वित्त आयोग की राशि से त्रिस्तरीय पंचायत में फंड दिया जाता है। ग्राम पंचायत में वार्षिक बजट के आधार पर प्लान को ई ग्राम स्वराज पोर्टल में अपलोड किया जाता है। 15वें वित्त आयोग के तहत 60% टाइड फंड पेयजल के लिए 30% स्वच्छता के लिए 30% परसेंट से 40% दिया जाता है। भारत सरकार राशि देती हैं उक्त राशि को स्वच्छ भारत मिशन मनरेगा एवं अन्य विभागों द्वारा डायरेक्ट फंड के माध्यम से जो योजनाएं ग्राम पंचायतों में चलती है उसे भी ग्रामसभा में योजनाएं लेकर ई ग्राम स्वराज पोर्टल में अपलोड करना है। तथा प्रत्येक पंचायत में 9 विषय में से कम से कम तीन विषय से संबंधित योजना को लेकर वार्षिक प्लान में ग्रामसभा के माध्यम से अपलोड करना है अंतिम में प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा पेंशन योजना एवं बीमा योजना की जानकारी एवं सरकार के द्वारा अन्य लाभकारी योजनाओं का जानकारी देने के उपरांत धन्यवाद ज्ञापन के बाद प्रशिक्षण की समापन की गई उक्त प्रशिक्षण में बीपीओ सत्यप्रकाश, वसीम, मिथुन प्रसाद उपस्थित थे।

# संगठन ही पार्टी की रीढ़

**दैनिक शुभ भास्कर बोरियो**



झामुमो बोरियो प्रखंड कमेटी की बैठक प्रखण्ड सचिव गफ्फार अंसारी के आवास पर प्रखंड अध्यक्ष जेठा मरांडी के अध्यक्षता में बैठक हुई।बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य सह जिला 20 सूत्री सदस्य स्टीफन मुर्मू शामिल हुए।जहाँ प्रखंड सचिव गफ्फार अंसारी एवं कोषाध्यक्ष शकील अहमद ने केंद्रीय समिति सदस्य स्टीफन मुर्मू का स्वागत माला पहनाकर किया गया।मुख्य अतिथि झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय समिति सदस्य एवं जिला 20 सूत्री के सदस्य स्टीफन मुर्मू ने कहा कि हमें मालूम होना चाहिए कि सरकार का 3 वर्ष सफलतापूर्वक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में हुई है।हम सभी कार्यकर्ता जिस प्रकार से आपका अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में आपके पंचायत गांव गांव तक सरकार की योजनाओं को ग्रामीणों को बताने का काम किया गया था।उसी प्रकार से निरंतर हेमंत सरकार की सभी योजनाओं को धरातल पर उतारने के उद्देश्य से यह मीटिंग अहम है।उन्होंने कहा कि बोरियो प्रखंड के 17 पंचायतों में सरकार की योजना हेतु जनता के हित में है हमारे कार्यकर्ता उन्हें बताने का काम करें कि यह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा किए जा रहे हैं कार्य हैं एवं किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न होने पर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से संपर्क कर संबंधित विभागों तक आपकी समस्याओं का समाधान करने के लिए झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ता हमेशा तत्पर है।वह आपका हर कार्य करने में कोई भी कोताही बर्दाश्त नहीं करेंगे।कार्यकर्ता अनुशासन में रहकर ही कार्य करें अन्यथा पार्टी कार्रवाई करेगी। कार्यक्रम में पूर्व प्रमुख मंडल मरांडी,पूर्व केंद्रीय समिति सदस्य अर्जुन रजक, रिजवान अंसारी,युवा नेता मो एजाज अंसारी,गंगाराम हांसदा,लक्ष्मण मिश्रा हेमलाल हेंब्रम लक्ष्मण बेसरा,शकल मरांडी,बाजी मुर्मू, सुरेश मरांडी,बैठका हेंब्रम,फरहाद अंसारी,मंजूर अंसारी,बाबूजी हांसदा,मरांग बेसरा,मदन हांसदा,लीला मरांडी,बड़का हेंब्रम,होपना मरांडी,मंशा मरांडी,विक्रम हेंब्रम,छोटू टूडू,सुशील मरांडी,बाबूजी हांसदा,समेत अन्य दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# बबीता कुमावत बनी सहायक सांख्यिकी अधिकारी

**दैनिक शुभ भास्कर लक्ष्मणगढ़।**

कुम्हार समाज की युवती ने ग्राम विकास अधिकारी की फाइनल परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद एक और बड़ी उपलब्धि हासिल कर एक नया इतिहास लक्ष्मणगढ़ के कुमावत समाज में रचा है।यहां के गौरीशंकर कुमावत की होनहार व प्रतिभाशाली बबीता कुमावत ग्राम विकास अधिकारी बनने के बाद अब सहायक सांख्यिकी अधिकारी नया मुकाम हासिल कर समाज में नई उपलब्धि हासिल की एक साथ दोहरी सफलता से परिजन व समाज प्रफुल्लित व गौरवान्वित है।उल्लेखनीय है कि बबिता कुमावत ने हाल ही में ग्राम विकास अधिकारी



की परीक्षा उत्तीर्ण कर लक्ष्मणगढ़ कुमावत समाज की पहली युवती बनी जिसने ग्राम विकास अधिकारी बनने का गौरव हासिल किया था अब सहायक सांख्यिकी अधिकारी परीक्षा परिणाम में 57वीं मैरिट हासिल कर एक और नया इतिहास रच दिया है।समाज में दोहरी सफलता हासिल करने वाली लक्ष्मनगढ कुम्हार समाज की पहली बालिका है जिसने यह कामयाबी हासिल की है।शानदार उपलब्धि हासिल कर समाज व नगर का नाम रोशन करने पर बगड़ी ग्राम पंचायत सरपंच प्रतिनिधि व माटी शिल्प कला बोर्ड के सदस्य सुरेश कुमावत,कुम्हार समाज के युवा प्रदेश अध्यक्ष हरिराम प्रजापत, पत्रकार मुकेश कुमावत ,पार्षद प्रतिनिधि सुशील कुमावत,नरोत्तम कुमावत,संपत प्रजापति, ताराचंद ठेकेदार, नरेश कुमावत,गोवर्धन कुमावत,डॉक्टर पिंकू कुमावत, अध्यापक रमेश प्रजापति,डॉक्टर पूजा कुमावत ,हाईकोर्ट वकील सुरेन्द्र कुमावत,डॉक्टर सुमन कुमावत,विकास तुनवाल सहित समाज के प्रबुद्ध जनों ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए बधाई दी है।

# ग्रीन कार्डधारकों को अनाज दिलाने के लिए निरंतर आवाज उठाते रहेंगे वरिष्ठ कांग्रेसी कबीबुर रहमान

**दैनिक शुभ भास्कर पाकुड़/अविनाश मंडल**

पाकुड़ मे प्रखण्ड के नवदा पंचायत के ग्रीन कार्डधारकों के साथ पूर्व मुखिया वरिष्ठ कांग्रेस नेता कबीबुर रहमान व युवा कांग्रेस के बिधानसभा महासचिव रजिकुल आलम के नेतृव में दर्जनों ग्रीन कार्ड धारी माह अगस्त से अनाज नही मिलने की शिकायत लेकर उपायुक्त महोदय से मिले कार्डधारियों का कहना था कि अगर अनाज देना ही नही था तो कार्ड नहीं बनाना चाहिए था हमलोग करीब आदमी है,कार्ड से अनाज नही मिलता तो क्या फायदा कार्ड का साथ मे मौजूद कांग्रेस नेता कबीबुर रहमान ने उपायुक्त महोदय से आग्रह किया कि इन गरीबो को अब आपसे उम्मीद है, आप न्याय दिलाकर अनाज उपलब्ध कराने का कष्ट करें ताकि घर मे सही भोजन मिल सके वही उपायुक्त वरुण रंजन ने कहा कि आप लोग निश्चिन्त रहे



विभाग्य पदाधिकारी से जानकारी लेकर जल्द ही मामले का निराकरण कर हल किया जाएगा और अनाज उपलब्ध करवाया जाएगा यूथ कांग्रेस के पाकुड़ बिधानसभा के महासचिव रजिकुल आलम ने उपायुक्त महोदय को आवेदन देते हुए आग्रह किया कि ग्रामीण बड़ी उम्मीद के साथ श्रीमान के शरण मे आये है, हमलोग आपूर्ति विभाग के चक्कर काटते रहे लेकिन हल नही निकला आप से आग्रह है कि सिर्फ नवदा ही नही पाकुड़ प्रखण्ड मे ये समस्या है, इसे समाधान करने की कष्ट करें वही कांग्रेसी नेता कबीबुर रहमान ने कहा कि जनता हमलोगों का मालिक है इनका दर्द हमारा दर्द है, हम लगातार सोशलमीडिया के माध्यम से प्रखण्ड आपूर्ति के माध्यम से गरीबो को अनाज उपलब्ध करवाने की मांग करते रहे अंततः आज उपायुक्त के पास आना पड़ा उम्मीद है, हमारे मांगो को उपायुक्त महोदय निराकरण करेंगे आगे भी पाकुड़ प्रखण्ड के समस्याओं को उठाते रहेंगे कांग्रेस पार्टी का सिद्धांत है, मंत्री आलमगीर आलम हमेशा निरीह लोगो के साथ खड़े रहने को कहते प्रदेश महासचिव तंबीर आलम ऊदय लखमानी भी इस तरह के कार्य करने में हमेशा मदद करते रहते है, मौके पर उपमुखिया इरशाद अली, जियाउल हक, सद्दर सऊदी, मन्जरुल शेख, जायफल शेख, मोहतदुल शेख, नावरुल शेख, सबेर अली हक, साहेब लोटिब शेख, मोसलेहुद्दीन शेख, गामा शेख, रहजुल शेख, वकुर शेख, असरल शेख, तसदिकुर शेख, एवं अन्य उपस्थित रहे।

# जनार्दन प्रसाद साह बने नगर अध्यक्ष

**दैनिक शुभ भास्कर साहिबगंज**

भारतीय वैश्य महासभा की एक बैठक सह स्वागत समारोह एल. सी. रोड स्थित प्रधान कार्यालय में आयोजित की गई . बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष किशोर कुमार गुप्ता उर्फ पुतुल बाबू ने किया. इस अवसर पर बैठक को संबोधित करते हुए महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष अरविंद कुमार गुप्ता ने कहा कि प्रत्येक वैश्य समाज के अलग अलग उप जातियों को एक मंच पर आना होगा तभी वैश्य समाज सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक रूप से मजबूत हो सकेगा.

सभी वैश्य समाज के लोगों को भारतीय वैश्य महासभा से जुड़ना चाहिए तभी वैश्य समाज का संगठन मजबूत हो सकेगा. बैठक में संगठन विस्तार करने के लिए साहिबगंज जिला के सभी प्रखंडों में संगठन तैयार करने का निर्णय लिया गया. सर्वसम्मति से साहिबगंज नगर समिति का गठन किया गया, जिसमें अधिवक्ता जनार्दन प्रसाद साह



अध्यक्ष, डॉक्टर विनोद कुमार साह उपाध्यक्ष, सुनील कुमार चौरसिया सचिव, संजीव कुमार गुप्ता कोषाध्यक्ष, संतोष कुमार मोदी संयुक्त सचिव एवं मुरली साह संगठन मंत्री मनोनीत किए गए. उपस्थित सभी सदस्यों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को माला पहनाकर अभिनंदन किया. साथ ही निर्णय लिया गया की जिला कमेटी का एक टीम साहिबगंज नगर के प्रत्येक वार्ड में भ्रमण करते हुए लोगों को जागरुक करने का कार्य करेंगे. बैठक में भारतीय वैश्य महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष अरविंद कुमार गुप्ता, जिला अध्यक्ष किशोर कुमार गुप्ता, सचिव राजीव कुमार, कोषाध्यक्ष रणधीर प्रसाद चौरसिया, युवा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष विनय कुमार केसरी, जिला कार्यकारी अध्यक्ष निरंजन कुमार गुप्ता, जिला महासचिव रबीन्द्र प्रसाद साह, सुनील कुमार जायसवाल, राजकिशोर सहित वैश्य समाज के कई सदस्य उपस्थित थे

# सेवानिवृत्ति पर दी गई पंचायत सचिव को विदाई

**दैनिक शुभ भास्कर मंडरो, साहिबगंज।**



मंडरो प्रखंड के बड़तल्ला पंचायत में पदस्थापित पंचायत सचिव लक्ष्मीकांत महलदार के सेवानिवृत्त होने पर शनिवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार में विदाई समारोह सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। विदाई समारोह में प्रखंड सह अंचल के तमाम कर्मी मौजूद थे। विदाई समारोह को संबोधित करते बीडीओ श्रीमती कनक ने कहा की जो सरकारी कर्मी नौकरी में है।उसे एक दिन सेवानिवृत्त होना ही पड़ता और विदाई तो दुखदाई होता ही है। वहीं सीओ नरेश कुमार मुंडा ने कहा की हम सभी लोगों के साथ जितना भी इनका कार्यकाल रहा उतने दिनों तक उनका कार्य और स्वभाव काफी बेहतर रहा। उनके मंगल भविष्य की कामना करते हैं। वहीं सेवानिवृत्त पंचायत सचिव लक्ष्मीकांत महलदार ने नम आंखों से कहा की मंडरो प्रखंड में कई सालों तक कार्य किया है। और सभी कर्मियों का प्यार और स्नेह हमें मिलता रहा। वहीं प्रखंड सह अंचल के कर्मियों द्वारा सेवानिवृत्त पंचायत सचिव को फुल का माला पहनाकर और उपहार देकर सम्मानित किया। इस मौके प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी सह पंचायत सचिव सुनील दास, अधीर कुमार दत्ता, प्रेस चंद्र बोस, प्रखंड नाजिर आशिष रंजन, मनरेगा बीपीओ सत्यप्रकाश, प्रधान लिपिक राजकुमार मंडल, कनीय अभियंता योगेश मंडल, अंचल लिपिक प्रभु मंडल, अंचल कर्मी राहुल कुमार, पीआरएस अशोक कुमार सिंह, कम्प्यूटर ऑपरेटर संजय चौरसिया, भगन हांसदा सहित प्रखंड सह अंचल के तमाम कर्मी उपस्थित थे।

# प्रधानमंत्री मोदी के माँ का निधन

**दैनिक शुभ भास्कर राजमहल**



प्रधानमंत्री मोदी की मां हीराबा नहीं रहीं। शुक्रवार सुबह पीएम मोदी की मां का निधन हो गया। उनके निधन पर पूरे देश मे शोक की लहर हैं। प्रधानमंत्री मोदी के माँ के निधन पर भाजपा राजमहल नगर द्वारा शोकसभा रखी गयी। राजमहल विधायक अनन्त ओझा और पार्टी के कार्यकर्त्ताओ ने उनके तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया और दो मिनट का मौन रखा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के माँ के निधन पर दुख जताते हुए राजमहल विधायक अनंत ओझा ने कहा कि शुक्रवार को अहले सुबह के दुःख भरा खबर हम सभी को मिला। कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी की माता के निधन से पूरा देश में शोक लहर हैं उन्होंने ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की माता हिराबा का देहावसान,एक कर्मयोगिनी का अंत हैं।वह परिश्रम की प्रतिमूर्ति थी।उनकी सादगीपूर्ण जीवन शैली के कारण हर नागरिक उनमें अपनी करुणामयी माँ को देखता था ! कहा कि हीरा बा जी के संस्कारों से ही आज देश को नरेंद्र मोदी जी का नेतृत्व मिला है। धन्य है ऐसी माता जिसने भारत माता के परम्‍वैभव हेतु अपना पुत्र समर्पित किया है।

# प्रधानमंत्री टीवी मुक्त अभियान चलाया गया

**दैनिक शुभ भास्कर पाकुड़/अविनाश मंडल**



दिनांक 31.12.22 को प्रधानमंत्री टी.बी. मुक्त भारत अभियान चलाया गया अभियान के तहत आज पाकुड़ ज़िला मे भाजपा की ओर से निक्षय मित्र के रूप में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मीरा प्रवीण सिंह ने दस टीड्डबीड्ड मरीजों को गोद लेकर 6 महीने तक उनकी देखभाल करने का प्रण लिया है, इसी संबंध में आज पुराने सदर अस्पताल परिसर और मालीपाड़ा गाँव में निक्षय पोषण की दूसरी किट का वितरण किया गया, मीरा प्रवीण सिंह ने सभी मरीजों से कहा कि समय पर दवा खाने, साफ सफाई रखने और पौष्टिक भोजन लेने की सलाह दी।इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से एस टी एस सदानंद ओझा, पी पी एम कौर्डिनेटर सुशांत दुबे, एस टी एस मिथुन पाल, डाटा इंट्री ओपरेटर निशांत प्रकाश एवं प्रवीण कुमार सिंह थे। मौके पर उपस्थित गणेश रजक, पंकज साह, पिंका पटेल, जीतू सिंह आदि उपस्थित रहे।

# पूर्व विधायक स्वर्गीय सुशीला हांसदा जी का श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

**दैनिक शुभ भास्कर अविनाश मंडल(पाकुड़)**



लिट्टीपाड़ा विधायक दिनेश बिलियन मरांडी ने अपने आवास पर पूर्व विधायक स्वर्गीय सुशीला हांसदा का श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया, जिसमें लिट्टीपाड़ा के पूर्व विधायक स्व.सुशीला हांसदा की पुण्यतिथि पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष श्याम यादव उनके श्रद्धांजलि सभा में शामिल होकर उनके तस्वीर पर पुष्पा दे कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित की और कहा कि सुशीला हांसदा एक विधायक के रूप में पूरे विधानसभा क्षेत्र के साथ साथ पाकुड़ के लोगों की भरपूर सेवा की। क्षेत्र के लोगों को वह अपने परिवार का हिस्सा समझती थी। उनके मृदुभाषी हंसमुख चेहरा आज भी लोगों के बीच जिंदा है।

# 15वें वित्त आयोग के समीक्षा बैठक की गई



**दैनिक शुभ भास्कर पाकुड़/अविनाश मंडल**

पाकुड़ जिला पंचायती राज पदाधिकारी के सभाकक्ष में दिनांक-31.12 2022 शनिवार को जिला पंचायती राज पदाधिकारी महेश कुमार राम की अध्यक्षता में 15वें वित्त आयोग के समीक्षा बैठक की गई। बैठक में जिला पंचायती राज पदाधिकारी ने ग्राम पंचायत विकास 15वें वित्त आयोग का खर्च बढ़ाने का निर्देश दिया गया एवं सभी योजनाओं को पूर्ण कर सत्यापित करते हुए जल्द से जल्द भुगतान करने का निर्देश दिया गया। मौके पर डी0पी0एम0 पंचायती राज रितेश कुमार, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी, प्रखंड समन्वयक, पंचायत राज स्वशासन परिषद, कनीय अभियंता, लेखा लिपिक-सह-कंप्यूटर ऑपरेटर एवं अन्य उपस्थित थे।

# जिला प्रशासन द्वारा नए साल के पहले दिन श्रद्धालुओं की भीड़ के लिए तैयारियों के मुकम्मल इंतजाम का जायजा पूरी कर ली गई

**दैनिक शुभ भास्कर देवघर संवादाता**



देवघर नए साल के पहले दिन के अवसर पर देवघर स्थित बाबा मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और सुलभ जलार्पण के लिए तैयारी पूरी कर ली गयी है। नए साल के पहले दिन उमड़ने वाली श्रद्धालुओं की भीड़ के लिए तैयारियों के मुकम्मल इंतजाम का जायजा लेने डीसी समेत जिला प्रशासन के अधिकारियों ने पैदल भ्रमण किया। इस दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सरकार भवन मोड , बीएड कॉलेज, तिवारी चौक, चिल्ड्रेन पार्क, क्यू कॉम्प्लेक्स, फुट ओवरब्रिज और बाबा मंदिर प्रांगण का निरीक्षण कर संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिशा निर्देश दिया।नववर्ष के अवसर पर बाबा मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा व सुलभ जलार्पण हेतु बनाए गए सम्पूर्ण रूट लाइन का निरीक्षण किया। इस दौरान सरकार भवन मोड , बीएड कॉलेज, तिवारी चौक, चिल्ड्रेन पार्क, क्यू कॉम्प्लेक्स, फुट ओवरब्रिज व बाबा मंदिर प्रांगण का निरीक्षण कर संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया। इसके अलावे श्रद्धालुओं की सुविधा व सुरक्षा को लेकर बी.एड कॉलेज के समीप अतिक्रमण, आरके मिशन के समीप मेधा डेयरी प्वाइंट को हटाने का निर्देश संबंधित विभाग के कार्यपालक अभियंता को दिया। साथ ही आसपास के इलाकों में अतिक्रमण, नालों और सड़को की साफ सफाई को दुरुस्त रखने का निर्देश नगर निगम के वरीय अधिकारियों को दिया। आगे श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु क्यू कॉम्प्लेक्स में स्पाइरल, शुद्ध पेयजल एवं स्वच्छ शौचालय व साफ-सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए प्रतिनियुक्त सुरक्षाकर्मियों को श्रद्धालुओं की सहायता व व्यवहार को शालीन बनाए रखने की बात कही।

# विधानसभा अध्यक्ष ने दलचक में आयोजित वनभोज में की शिरकत कहा अपने और परायो की पहचान जरूरी

**दैनिक शुभ भास्कर अब्दुल रज्जाक की रिपोर्ट**



कुंडहित (जामताड़ा):शनिवार को 2022 के अंतिम दिन प्रखंड के गायपाथर पंचायत अंतर्गत दलचक फुटबॉल मैदान में झामुमो कार्यकताओं द्वारा वनभोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर झारखंड विधानसभा अध्यक्ष सह स्थानीय विधायक रविंद्र नाथ महतो, कुंडहित प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रीमान मरांडी, बागडेहरी के थानेदार विकास कुमार सिंह उपस्थित थे। कार्यक्रम में पहुंचे विधानसभा अध्यक्ष का स्थानीय कार्यकताओं द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। वहीं कुंडहित पूर्वांचल के विभिन्न गांवों से बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों विशेषकर युवाओं ने विधानसभा अध्यक्ष के समक्ष झारखंड मुक्ति मोर्चा की सदस्यता ग्रहण की। नए सदस्यों का स्वागत करते हुए विधानसभा अध्यक्ष श्री महतो ने सभी से क्षेत्र में संगठन मजबूत करने की अपील की। कहा हेमंत सरकार दिन-रात राज्य की जनता की सेवा में जुटी हुई है। राज्य सरकार मूल निवासियों को उनका अधिकार और सम्मान देने का प्रयास कर रही है। जिसे विपक्षी पचा नहीं पा रहे हैं। विपक्षियों द्वारा सरकार के विरोध आए दिन तरह-तरह के षडयंत्र रचे जा रहे हैं। बावजूद इसके हेमंत सरकार अपने ऐतिहासिक निर्णयो से राज्य की जनता के दुख दर्द को दूर करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही है। उन्होंने कहा आगे भी सरकार राज्य के उत्तरोत्तर विकास के लिए हर संभव प्रयास करेगी। उन्होंने कहा कि हमें अपने दोस्तों और दुश्मनों को अच्छी तरह से पहचानना होगा। कौन राज्य का विकास चाहता है और कौन नहीं इसे पहचानने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि नाला विधानसभा क्षेत्र में सड़क हो या पुल पुलिया स्वास्थ्य हो या शिक्षा सभी क्षेत्रों में विकास के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य कराए गए हैं। उन्होंने कहा कि आगे भी क्षेत्र के वासियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले इसके लिए विशेष प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष ने अतिथियों और स्थानीय कार्यकर्ता एवं समर्थकों के साथ बैठकर भोजन ग्रहण किया। जानकारी के अनुसार वनभोज के दौरान मुकेश घोष परिमल घोष विश्वनाथ काड़ी गोपीनाथ गोप मदन मंडल जीवन मंडल, चंदन गोप सहित कुंडहित पूर्वांचल के विभिन्न गांव के बड़ी संख्या में युवाओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम में उक्त मुख्य अतिथियों के अलावे वरीय नेता खिरोद महतो पूर्व मुखिया वीरू मुर्मू, ग्राम प्रधान दुलाल चंद्र माजी, निताई मान्ना, निर्मल मान्ना, निशिकांत घोष, विद्युत मान्ना, विश्वजीत मान्ना, मिलन मानना आदि उपस्थित थे।

# मदूरपुर गांव में झारखंड मजदूर सभा एवं भाकपा माले पार्टी इकाई द्वारा की गई बैठक

**जामताड़ा दैनिक शुभ भास्कर अब्दुल रज्जाक की रिपोर्ट**

कुंडहित (जामताड़ा ):शनिवार को प्रखंड के गायपाथर अंतर्गत मदूरपुर गांव में झारखंड ग्रामीण मजदूर सभा एवं भाकपा माले पार्टी कई द्वारा एक बैठक की गई। मौके पर भाकपा माले के राज्य कमेटी मेंबर शाह जिला सचिव सुनील राणा,राज्य कमेटी मेंबर सह झारखंड ग्रामीण मजदूर सभा के जिला सचिव सोमलाल मिर्धा, भाकपा माले के जिला कमेटी मेंबर आनंद मुर्मू मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक में 11 वा महाधिवेशन पटना 15 से 20 फरवरी 2023 में होने वाला है जिसकी तैयारी को लेकर चर्चा की गई। साथ ही पार्टी सदस्यों का मेंबर भरा गया। मौके पर भाकपा माले के राज्य कमेटी मेंबर सह जिला सचिव सुनील राणा ने कहा कि बैठक में झारखंड ग्रामीण मजदूर सभा का 15 सदस्य का कमेटी गठन किया गया तथा सभी के सर्वसम्मति से अध्यक्ष सचिव का भी चयन किया गया। उन्होंने कहा पार्टी के 11वा महाधिवेशन 15 फरवरी को रैली निकाली जाएगी। कहां की फासीवादी हटाओ लोकतंत्र बचाओ महारैली में अधिक से अधिक संख्या में कार्यकताओं का भाग लेने का निर्णय लिया गया ।कहा कि आगामी आंदोलन के लिए सभी कार्यकताओं ने संकल्प लिया कि महाधिवेशन एवं महारैली में भाग लेंगे। मौके पर आनंद मुर्मू ,गंगाधर हंसदा, शिवधन हंसदा, प्रदीप मरांडी, सुनील मरांडी ,चुड़का हंसदा,कालिदास हंसदा,महेश मुर्मू, लखन हंसदा, मैनेजर हंसदा, सुखदेव हंसदा, महादेव मरांडी, मोनिका हंसदा, आदि ग्रामीण एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# पीसीसी चीफ डोटासरा श्रद्धांजलि सभा में पहुंचकर परिजनों को दी सांत्वना

**दैनिक शुभ भास्कर लक्ष्मणगढ़।**



शहर के जाने माने फोटोजर्नलिस्ट रिपोर्टर राजेश सैनी के पिताजी मूलचंद सैनी के निधन पर संवेदना व्यक्त करने पीसीसी चीफ व स्थानीय विधायक गोविंद सिंह डोटासरा शनिवार को सैनी के निज निवास पहुंच कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए तथा परिजनों से मिलकर सांत्वना दी।इस अवसर पर राजस्थान राज्य विप्र कल्याण बोर्ड के सदस्य पवन बूटोलिया,सरपंच महेंद्र सिंह ढाका,महेश ढेवा,पार्षद प्रतिनिधि संजीव भानुका,सुशील कुमावत, फुले ब्रिगेड के शहर अध्यक्ष पूर्व पार्षद राकेश कुमार सैनी,संसार सिंह डूडवा,जिला शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजीव ढाका,शहर पुलिस चौकी प्रभारी रामदेव सिंह सहित प्रशासनिक अधिकारी साथ में मौजूद थे।इस अवसर पर डोटासरा ने सैनी सहित परिवार जनों को सांत्वना दी।इस दौरान घीसाराम गौड़,महात्मा ज्योतिबा फुले विकास समिति के अध्यक्ष विनोद कुमार सैनी,उपकोषाधिकारी सज्जन कुमार सैनी,प्रस्तावित छात्रावास समिति के योजना सलाहकार रामस्वरूप पीटीआई गौड़ सैनी,पंचायत के अध्यक्ष छाजूराम गौड,बाबूलाल सैनी,शशिकांत पुजारी,मुकेश कुमावत आदि ने भी सैनी के निज निवास पहुंच कर अपनी संवेदना व्यक्त की।

# करोड़ों रुपए के सांप के जहर के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**दैनिक शुभ भास्कर खोरीबाड़ी**



घोषपुखुर वन विभाग तथा एसएसबी 41वीं वाहिनी रानीडांगा द्वारा संयुक्त अभियान चलाकर फांसीदेवा के विधाननगर के मुरलीगंज में करोड़ों रुपये की सांप के जहर के साथ दो लोगों को हिरासत में लिया गया है। हिरासत में लिए व्यक्तियों के नाम मोहम्मद कलीमुद्दीन और जुबेर खान हैं। कलीमुद्दीन इस्लामपुर और जुबेर खान आंध्रप्रदेश का निवासी बताया गया। मिली जानकारी अनुसार घोषपुकुर वन विभाग के रेंजर अधिकारी सोनम भूटिया और एसएसबी की 41वीं बटालियन के द्वारा संयुक्त अभियान में यह सफलता मिली है। गुप्त सूत्रों से सूचना मिली थी कि सांप का जहर को तस्करी के लिये बांग्लादेश से मालदा के रास्ते नेपाल लाया जा रहा था। जिसके आधार पर एसएसबी, वन विभाग व वाइल्ड लाइफ कंट्रोल ब्यूरो के अधिकारियों ने अभियान चलाकर एक संदिग्ध बाइक को रोककर तलाशी लिया। तलाशी के दौरान बुलेट प्रूफ कांच के जार से करीब ढाई किलोग्राम सांप का जहर बरामद किया गया। आवश्यक कार्यवाई पश्चात हिरासत में लिए व्यक्तियों को शुक्रवार को सिलीगुड़ी अदालत में पेश किया गया है। पूरे मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# देवघर प्रखंड अंतर्गत पंचायत भवन गिद्धनी में ब्यूटीशियन कोर्स का शुभारंभ किया गया

**दैनिक सुभ भास्कर संवाददाता देवघर**



दिनांक 30/ 12 /2022 शुक्रवार को नेहरू युवा केंद्र देवघर भारत सरकार एवं स्वामी विवेकानंद युवा क्लब कोठिया की देखरेख में देवघर प्रखंड अंतर्गत पंचायत भवन गिद्धनी में ब्यूटीशियन कोर्स का शुभारंभ किया गया इस कार्यक्रम का उद्घाटन जितनी पंचायत के मुखिया श्रीमती आशा देवी एवं जिला परिषद प्रतिनिधि मनोज यादव एवं जिला युवा अधिकारी श्री अभिषेक मंडल एवं सुरेश यादव सचिव ने फीता काटकर उद्घाटन किया यह कार्यक्रम 3 माह तक चलेगी इसमें निशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा एवं सरकार की ओर से प्रमाण पत्र भी उपलब्ध कराया जाएगा यह प्रशिक्षण से लड़की अपना स्वरोजगार उपलब्ध कर सकते हैं इस कार्यक्रम में मौजूद मुखिया श्रीमती आशा देवी जिला परिषद प्रतिनिधि मनोज यादव पप्पू महथा प्रशिक्षक चंचला सिंह अध्यक्ष पिंटू यादव सचिव सुरेश यादव संदीप रावत समाजसेवी विष्णु यादव एवम पुनासी पंचायत मुखिया रामकृष्ण पासवान मौजूद थे।

# खोरीबाड़ी के एसआई कार्यालय में शिक्षक प्रभारियों के साथ विद्यालय निरीक्षक ने किया बैठक

**दैनिक शुभ भास्कर खोरीबाड़ी।सिलीगुड़ी**



सिलीगुड़ी शिक्षा जिला के खोरीबाड़ी चक्र के सभी प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षक प्रभारियों के साथ विद्यालय निरीक्षक शिल्पी विश्वास ने एक बैठक का आयोजन खोरीबाड़ी के एसआई कार्यालय में किया।बैठक में आगामी शिक्षा वर्ष 2023 को लेकर चर्चा की गई। एसआई शिल्पी विश्वास ने बताया कि आने वाले शिक्षा वर्ष में सभी छात्रों का स्वागत समारोह प्रत्येक विद्यालय में उत्साह के साथ किया जायेगा। साथ ही विद्यार्थियों के लिये इस बार ग्रेजुएसन सीरोमनी का भी आयोजन अनिवार्य रूप से प्रत्येक विद्यालय में किया जायेगा। प्राथमिक विद्यालयों में छात्र छात्राओं की संख्या बढाने पर भी जोर दिया जायेगा। कक्षा 5 के विद्यार्थियों में अलग अलग हाउस भी बनाया जायेगा। साथ ही विद्यालय के विद्यार्थियों को लेकर छात्र संसद भी बनाना अनिवार्य रहेगा। प्रत्येक वर्ष की भांति पुस्तक दिवस 2 जनवरी को प्रत्येक विद्यालय में मनाया जायेगा। रामजनम प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक प्रभारी अंबुज कुमार राय ने बताया कि 2 जनवरी से 7 जनवरी तक विद्यालय में अलग अलग गतिविधियों का पालन किया जायेगा। बैठक में अंबुज कुमार राय, लखन घोष, अकबर अली, सुरेन्द्र बैठा के अलावा सभी 32 प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षक प्रभारी उपस्थित रहे। अंत में विद्यालय निरिक्षक शिल्पी विश्वास नें सभी को नये वर्ष की अग्रिम बधाई देकर बैठक समाप्ति की घोषणा की।

# मुगार्बानी से राजनगर सड़क निर्माण कार्य में सरकारी पैसां का हो रहा है बंदरबांट :पूर्व कृषि मंत्री सत्यानंद झा

**जामताड़ा दैनिक शुभ भास्कर अब्दुर रज्जाक की रिपोर्ट**



कुंडहित( जामताड़ा):शनिवार को मुख्यालय स्थित डाकबंगला परिसर में पूर्व कृषि मंत्री सत्यानंद झा ने प्रेस बयान जारी कर कहा कि मुर्गाबनी से राजनगर जो सड़क निर्माण हो रहा है बहुत ही उसमें घटिया काम किया जा रहा है ।कहा कि जो मैट्रियल देना चाहिए वह मैट्रियल नहीं दी जा रही है, सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है ।उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण कार्य में ना ही एई न ही जेई नहीं दिखता है कुछ मुंशी के द्वारा काम होता है सड़क निर्माण कार्य में जो एस्टीमेट है उस एस्टीमेट के अनुसार काम नही हो रहा है इसमें कुछ दलाल और बिजोलिया हावी है और पैसा का बंदरबांट हो रहा है। कहा की इस सड़क की जांच निश्चित रूप से होनी चाहिए। जो लोग दोषी है उन पर कार्रवाई होना चाहिए ।सड़क कार्य शुरू से दुरुस्त और बढ़िया होना चाहिए ।साथ ही उन्होंने कहा कि मुगार्बानी राजनगर सड़क निर्माण कार्य में जो एई,और जेई एवं अन्य कोई लोग हो उस पर भी कार्रवाई होनी चाहिए। ऐसे सरकारी पैसा का बंदरबांट करने का किसी को छूट नहीं है।

# विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो से मुलाकात कर चमेली देवी ने ज्ञापन सौंपा

**दैनिक शुभ भास्कर मनीष बरणवाल।जामताड़ा।**



शनिवार को विष्णु भैया मेमोरियल फाउंडेशन की मुख्य संरक्षक सह समाजसेवी चमेली देवी ने नाला पहुँच कर झारखण्ड विधानसभा अध्यक्ष सह नाला विधायक रवींद्रनाथ महतो से उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट कर एक ज्ञापन सौंपा।इस मौके पर चमेली देवी ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष न सिर्फ. सदन के अंदर सदस्यों के अधिकारों के संरक्षक है बल्कि पूरे राज्य के लोगो की समस्याओं के समाधानकर्ता के रूप में भी जाने जाते है। आगे उन्होंने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र के कई सड़क आज दयनीय अवस्था में है। साथ ही वर्तमान नगरपंचायत अध्यक्ष का उदासीनता का दंश झेल रहा है। उन्होंने स्पीकर के माध्यम से यह गुहार लगाई है कि उक्त सड़कों का हस्तांतरण पथ निर्माण विभाग को कर दिया जाये ताकि सड़कों का निर्माण गुणवत्ता के साथ हो सके। वही आगे उन्होंने कहा कि 14 जनवरी से प्रारंभ हो रहे जामताड़ा शिवशक्ति यज्ञ में सम्मिलित होने के लिए विधानसभा अध्यक्ष को आमंत्रित किया गया। जिसे उन्होंने स्वीकार किया व माँग पत्र पर सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर झामुमो नेता साकेश सिंह, विजय राउत, संजीत सिंह आदि उपस्थित थे।

# नाला कुंडहित तथा फतेहपुर के पेंशनरों की हुई एक बैठक

**जामताड़ा दैनिक शुभ भास्कर अब्दुल रज्जाक की रिपोर्ट**

कुंडहित (जामताड़ा):शनिवार को कुंडहित सिंचाई डाक बंगला परिसर में नाला कुंडहित तथा फतेहपुर के पेंशनरों की एक बैठक हुई। बैठक के दरम्यान पिछले वर्ष के हिसाब का लेखा-जोखा पेश किया गया।साथ ही 75 वर्ष तथा उससे अधिक उम्र के पेंशनरों को माला पहनाकर और अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। बैठक में जिला से आए हुए झारखंड राज्य पेंशनर समाज के जिला सचिव चंडीदास पुरी ने विस्तृत रूप से पेंशन का अधिकार और पेंशनरों के द्वारा जिला स्तरीय, राज्य स्तरीय तथा केंद्र स्तरीय विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में विस्तृत चर्चा करते हुए कहा कि जिले के पेंशनरों की असुविधाओं को दूर करने के लिए काफी प्रयास किया जा रहा है। और पेंशनरों की समस्याओ का समाधान भी हो रहा है। वही राज्य शाखा के द्वारा पेंशनरों की मांगों को पुरा करने के लिए राज्य सरकार पर भी समय-समय पर दबाव डाला जा रहा है। उन्होंने आगे संगठन को मजबूत करने के लिए लोगों को सक्रिय होने का आगाह करते हुए कहा कि आगामी 23 जनवरी 2023 को जामताड़ा में जिला सम्मेलन की तिथि निर्धारित हो चुकी है। उन्होंने नाला कुंडहित फतेहपुर से भी प्रतिनिधि सहित तमाम पेंशनरो से उपस्थित होने की अपील की। बैठक के दौरान नाला कुंडहित तथा फतेहपुर के तीनों प्रखंड कमेटी का गठन किया गया और आगे आने वाले दिनों में संगठन का विस्तार कैसे हो इस पर भी बातें रखी गई। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से मिहिर कुमार पान, भैरव चंद्र चौधरी, अजीत कुमार घोष, अनंत लाल मंडल, उद्देश्वर मुर्मू, अर्जुन मंडल, चंद्रशेखर प्रसाद यादव, अमर गोराई, निमाई चंद्र कुंनुई, दयामय हालदार, हेलाराम मंडल, सुनील माजी, तुलाराम माल, सहित दर्जनों पेंशनर्स उपस्थित रहे।

# नाला प्रखंड राजद का एक बैठक

**जामताड़ा दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो सेख समीम की रिपोर्ट**



नाला प्रखंड राजद का एक बैठक राजद कार्यालय गोपालपुर में प्रखंड अध्यक्ष सुधामय घोष की अध्यक्ष ता में की गई इस अवसर पर राजद के पूर्व पतियाश्री सह प्रदेश सचिव अशोक माजी उपस्थित रहे प्रखंड अध्यक्ष सुधामय घोष तथा प्रखंड प्रवक्ता साजीद अंसारी ने प्रखंड कमिटी का नया सूची जारी किया इस तरह सूची है 1 प्रवक्ता साजीद अंसारी 2 उपाध्यक मानिक राय राजीव खा बीरबल टुडू 3 महासचिव सुनील कुमार मंडल संजय खा निशीथ माजी 4 सचिव चंद्र गुप्त मंडल नेपाल राउत अजय दे निमाई मित्र दिलीप सिंह रमेश दे धनंजय पतर 5 कोषाध्यक सजल मंडल कार्यालय सचिव मिथुन घोष सदस्य राबीलाल हेमब्रोम फिलिप्स सोरेन राजेन पंचायत अध्यक्ष राजीव अली काजी सादेर आलम उपोस्थित थे बता ते चले की 2023 में रैली और बैठ के बारे में चर्चा किया गया

# बेहद ही दुखद ,दर्दनाक तथा अविश्वसनीय खबर

**जामताड़ा दैनिक शुभ भास्कर जिला ब्यूरो सेख समीम**



उत्क्रमित मध्य विद्यालय कालाझारिया ,अंचल गेरिया नाला के प्रभारी प्रधानाध्यापक स्व. कृष्णा प्रसाद का दिल का दौरा पड़ने से दिनांक 29.12.2022 को12.50 P.M.मे K.G.अस्पताल चित्तरंजन पहुंचते पहुंचते निधन हो गया .वे बेहद ही जिंदादिल तथा हँसमुख ब्यक्ति थे .उनके निधन से जामताड़ा जिले के शिक्षकों में शोक की लहर फैल गई .कल दिनांक 30.12.2022 को उनके कृष्णा नगर स्थित आवास पर उनके दर्शन हेतु गणमान्य लोगों ,शिक्षकों तथा उनके मित्रों का तांता लगा रहा .इस अवसर पर AJPTA के जिला महासचिव हरीश राम ,जिला संगठन मंत्री द्वारिका राम ,जिला कार्यकारिणी के सदस्य नवीन कुमार ,गेरिया अंचल उपाध्यक्ष सत्येन्द्र कुमार सिन्हा ,शिक्षक विद्यासागर ,प्रमोद तांती ,राजेन्द्र शर्मा ,वीरेंद्र पांड़े ,आदित्य मंडल,जयवीर सिंह ,झारखण्ड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष श्री लक्ष्मण झा ,मिहिजाम के वरिष्ठ भाजपा नेता लालू प्रसाद यादव ,CLW कर्मी राकेश यादव ,नंदलाल शर्मा ,अनूप सिन्हा ,सहित मुहल्ले के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे .सभी ने मिलकर उनके हंसमुख तथा ,सहयोगात्मक ब्यवहार की मुक्त कंठ से प्रशंसा की तथा उनके निधन को शिक्षक समाज के लिए अपूरणीय क्षति बताया

मुद्रक स्वामी प्रकाशक सुनील कुमार मिश्रा द्वारा शुभ लाभ प्रिंटर्स मावली उदयपुर स्थानीय संपादक मो0 शरफे आलम बिहार, झारखण्ड मो0- 7764978689 - 8804707324

सह संपादक : उमेश कुमार, 96259 58256 दैनिक शुभ भास्कर, RNI UP HIN/ 2015/64737,प्रजापति पी आरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदार सभी न्याय क्षेत्र उदयपुर राजस्थान होगा।